संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 01 जनवरी 2024 ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 01 पृष्ठः 08+04
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### 'क्या मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल जवाब भी न मांगें'

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने रविवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग (ईसी) पर चुनावी कदाचार और मतपत्र प्रणाली की बहाली पर विपक्ष की दलीलों को अनसुना करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने कहा कि विपक्षी गुट चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मिलने का समय मांग रहा है। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसको लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। दिग्विजय सिंह ने एक्स पर लिखा, "इंडिया गठबंधन के राजनीतिक दल चुनाव आयोग से अगस्त से मिलने का समय मांग रहे हैं, लेकिन वे इतने व्यस्त हैं कि उन्हें विपक्ष से मिलने का समय तक नहीं है!! क्या माननीय चीफ जस्टिस इसे संज्ञान में लेंगे?

### इसरो नए साल के पहले दिन रचेगा इतिहास

**नई दिल्ली:** नए साल के पहले दिन इसरो नया इतिहास रचने जा रहा है। चार भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप सोमवार को इसरो के पीएसएलवी-सी58 मिशन के तहत अंतरिक्ष में एंट्री करेंगे, जो पेलोड लॉन्च करेंगे। ये माइक्रोसैटेलाइट सबसिस्टम, थ्रस्टर या छोटे इंजन को दर्शाएंगे, जो उपग्रहों को लक्षित कक्षाओं और रेडिएशन शील्ड कोटिंग में रखते हैं।

# नेवी ने अरब सागर में बढ़ाई निगरानी

## = 3 वॉरशिप तैनात किए, 23 दिसंबर को भारत आ रहे जहाज पर हुआ था ड्रोन अटैक

**सुरक्षा बढ़ाई गई**

**8 साथ ही आसमानी से नजर रखने के लिए सर्विलांस प्लेन और टोही विमानों की मदद ली जा रही है, भारत पूरी तरह चौकस**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंडियन** नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने अरब सागर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसके बाद कॉमर्शियल शिप्स की सुरक्षा के लिए निगरानी तेज कर दी गई है। 3 वॉरशिप तैनाती किए गए हैं। साथ ही आसमानी से नजर रखने के लिए सर्विलांस प्लेन और टोही विमानों की मदद ली जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि नौसेना प्रमुख ने किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखने को कहा है। दरअसल, 23 दिसंबर को सऊदी से भारत आ रहे एक ऑयल शिप पर ड्रोन अटैक हुआ था। इंडियन नेवी के मुताबिक, इस जहाज पर 20 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार हैं। ये इजराइली जहाज है, जो सऊदी अरब से कर्नाटक के मंगलुरु आ रहा था। ड्रोन अटैक में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन जहाज पर आग लग गई।

**नेशनल मैरिटाइम एजेंसी भी नजर रख रही है:** जिन तीन वॉरशिप को निगरानी के लिए लगाया गया है, उनमें आईएनएस कोच्चि, आईएनएस कोलकाता और आईएनएस मोरमुगाओ शामिल हैं। यह तीनों वॉरशिप स्टील्थ गाइडेट मिसाइल डिस्ट्रॉयर हैं यानी मिसाइल हमलों को नाकाम करने की क्षमता रखते हैं। ऐसे में जहाजों पर ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोकने के लिए इनकी तैनाती अहम मानी जा रही है। इसके साथ ही नेवी अरब सागर में पूरी स्थिति पर नजर रखने के लिए नेशनल मैरिटाइम एजेंसी के साथ भी कॉर्डिनेट कर रही है।

**भारत आ रहे जहाज पर हिंद महासागर में ड्रोन अटैक हुआ था:** भारतीय कोस्ट गार्ड ने कहा कि एमवी केम प्लूटो ने लगभग 11 समुद्री मील प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है।

### एमवी केम प्लूटो पर हुआ था ड्रोन से हमला

**एमवी** केम प्लूटो पर ड्रोन से हमला हुआ। इसमें क्रूड ऑयल है। हमले के बाद भारतीय नौसेना के वॉरशिप और भारतीय कोस्ट गार्ड के पैट्रोलिंग वैसेल विक्रम को भी उस जगह के लिए रवाना कर दिया, जहां हमला हुआ। यह वैसेल हिंद महासागर में सऊदी से भारत आ रहा था। 23 दिसंबर की शाम इस पर ड्रोन से हमला हुआ। भारतीय नौसेना के मुताबिक इस जहाज पर 20 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार हैं।

**हूती विद्रोहियों ने भारत आ रहा**



**कार्गो जहाज हाईजैक किया था:** इससे करीब एक महीने पहले हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाईजैक कर लिया था। यह जहाज तुर्किये से भारत आ रहा था। हूती विद्रोहियों ने इसे इजराइली जहाज समझ कर हाईजैक किया था। वारदात से पहले हूती समूह ने इजराइली जहाजों पर हमले की चेतावनी दी थी। हूती विद्रोहियों के एक स्पोक्सपर्सन ने कहा कि इजराइल की तरफ से चलने वाले सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा।

**भारत को क्यों तैनात करने पड़े 5 युद्धपोत:** 23 दिसंबर 2023 की शाम।' सऊदी अरब के जुबैल पोर्ट से मंगलोर जा रहा था। अरब सागर में इस जहाज पर ड्रोन हमला हुआ। उस वक्त ये जहाज गुजरात के पोरबंदर से 217 समुद्री मील यानी करीब 390 किमी दूर था।

## मन की बात: पीएम मोदी का मेंटल-फिजिकल हेल्थ पर जोर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री न**रेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 108वें एपिसोड पर देश को संबोधित किया। मोदी ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से फिट इंडिया अभियान पर चर्चा की। उन्होंने चेस ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, एक्टर अक्षय कुमार और क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर से मेंटल और फिजिकल हेल्थ की टिप्स सुनवाईं। पीएम ने 108वें एपिसोड की शुरूआत 108 अंक के महत्व के बारे में बताते हुए की। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है। 108 बार मंत्र जपा जाता है। मंदिरों में 108 सीढ़ियां होती हैं, इसलिए ये एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है।

इसके बाद मोदी ने फिट इंडिया, फिजिकल हेल्थ, मेंटल हेल्थ और न्यूट्रीशिन को लेकर लंबी चर्चा की। मोदी ने आखिर में भगवान श्रीराम के भजन को सोशल मीडिया पर शेयर करने की अपील की। उन्होंने कहा- हैशटेग श्रीराम भजन के साथ लोग अपनी रचनाएं शेयर करें। इससे देश के सभी लोग राममय हो जाएंगे।

**मेंटल हेल्थ टिप्स**

**8 चेस ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन, एक्टर अक्षय और क्रिकेटर हरमनप्रीत से मेंटल और फिजिकल हेल्थ की टिप्स सुनवाईं**

**मेंटल हेल्थ के लिए पीएम का मंत्र**
मोदी ने कहा- भारत के प्रयास से 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाया गया था। इससे इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप्स को बहुत सारे अवसर मिले हैं।












# शशिकांत कौशिक की ओर से सनौली खुर्द गांव की अनाज मंडी में आयोजित किया गया कम्बल वितरण



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
समालखा हलके की जनता की सेवा निस्वार्थ भाव से कर रहा हूँ और आगे भी ऐसे ही करता रहूगां। उक्त सेवा का राजनीति से कोई लेना देना नही है। उनका उद्देश्य अपने स्वर्गीय पिता मा.सतपाल कौशिक द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर उनके सपने का साकार करना है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व प्रत्याशी व वरिष्ट नेता शशिकांत कौशिक ने नव वर्ष से एक दिन पहले सनौली खुर्द गांव की अनाज मंडी में आयोजित किए गए दुसरे कम्बल वितरण समारोह के दौरान कही। इस दौरान उन्होने 11 हजार कम्बल हलका समालखा की जनता को सम्मान स्वरूप वितरित किए। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कई हजार महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। कौशिक ने कहा कि जन सेवा करने में कभी भी राजनीति नही करनी चाहिए,क्योंकि जन सेवा जनता की सेवा का वो माध्यम है जिससें गरीब व असहाय परिवारों के लिए परमात्मा किसी ना किसी को उनका सहारा बनाकर भेजता है। कार्यक्रम में पीएम नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के गुरू श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कालिदास स्वामी स्वामी कृष्णानंद महाराज व श्री श्री 1008 दयानंद सरस्वती महाराज और ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी योगेश्वर दत्त शर्मा ने विशेष मेहमान के रूप में शिरक्त की। कार्यक्रम की व्यवस्थापक ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र शर्मा सतनाली,रमेश शर्मा,जलालपुर सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार रावल,सनौली खुर्द सरपंच संजू त्यागी,बलवान कांगड़ा,भाजपा सनौली मंडल पूर्व प्रभारी रणजीत शर्मा,सरपंच नवीन शर्मा,सरपंच ईश्म रावल,पूर्व सरपंच मिंटू शर्मा,पूर्व सरपंच पाले राम शर्मा,जस्सा कुराड,पूर्व चेयरमैन डा.धर्मवीर शर्मा बापौली,आलोक बंसल,आनंद भाटिया जलालपुर प्रथम,बापौली मंडल उपाध्यक्ष नारायण बैरागी,जाट धर्मार्थ सभा समालखा के प्रधान सुभाष कुहाड आदि गणमान्य व्यक्तियों ने मेहमानों का फूल मालाओं और पगडी पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन पट्टीकल्याणा गांव के सरपंच मुकेश चौहान ने बहुत ही अच्छे तरीके से किया। शशिकांत कौशिक ने आए हुए मेहमानों के साथ आए हुए 11 हजार जरूरतमंद महिलाओं,पुरुषों और बुजुर्गों को कंबल वितरित किए। इस दौरान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कालिदास स्वामी स्वामी कृष्णानंद महाराज ने हजारों की संख्या में एकत्रित भीड़ को सम्बोधित करते हुए कहा कि जन सेवा से बडा कोई सेवा नही है अगर कोई व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के जन सेवा करता है तो परमात्मा उसको इसका कई गुणा फल देता है। श्री श्री 1008 दयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि जो हलका समालखा में शशिकांत कौशिक ने जन सेवा का जो अभियान शुरू किया है वो सराहनीय है। जिसने अपने पिता की तेरहवीं व उनकी स्मृति में करोडो का दान किया है। अन्य लोगों को भी इनसे प्रेरणा लेकर जन सेवा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। शशिकांत कौशिक ने कहा कि उनके द्वारा हर रोज हजारों लोगों को करीब 10 वर्ष से निशुल्क भोजन वितरित किया जा रहा है। जोकि आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा। विभिन्न गांवों से आए गणमान्य लोगों ने शशिकांत कौशिक द्वारा की जा रही इस प्रकार की जनसेवा पर बधाई दी और बताया कि इससे पूर्व उन्होने राकसेडा गांव में भी 11 हजार कम्बल वितरित कर सराहनीय कार्य किया है। शशिकांत कौशिक ने भरोसा दिलाया कि वह निश्चित रूप से इसी तरह जनसेवा करते रहेगें। इस मौके पर अमित ताजपुर,रविंद्र पांचाल,इंद्र रावल जलालपुर,जयपाल छौक्कर,राजकुमार छौक्कर,पार्षद नरेश कौशिक,हिटलर जौरासी,पिन्ना पहलवान,प्रमोद सरपंच,भूषण नम्बरदार,रकमसिंह छौक्कर,वेद बापौली,राजू ढोढपुर आदि अनेक मौजूद थें।

# मेयर निखिल मदान ने शहरवासियों को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

## 22 जनवरी को अयोध्या में निमार्णाधीन भव्य राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी में दीपोत्सव मनाएं शहरवासी : निखिल मदान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत : नगर निगम मेयर** निखिल मदान रविवार को ओल्ड डीसी रोड पर मसद मोहल्ले में स्थित श्री सत धर्म मंदिर में पहुंचे और वार्षिक उत्सव के मौके पर आयोजित धार्मिक सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में पहुँचने पर मंदिर की प्रबंधन कमेटी द्वारा मेयर निखिल मदान का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी दयानंद जी सरस्वती महाराज और अन्य बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि आज सत धर्म मंदिर का वार्षिक महोत्सव भी है और मंदिर कमेटी द्वारा वेदांत केसरी श्री 108 स्वामी हेमराज जी महाराज चिदा काशी और ब्रह्मलीन श्री 108 स्वामी रामानंद जी का 173 वां जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है, वो इन दोनो महान संत और विभूतियों को नमन करते है। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर मंदिर में आयोजित भजन, कीर्तन और प्रवचन सुने और प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही मेयर निखिल मदान ने संगत में मौजूद मातृशक्ति और बड़े बुजुर्गों को भगवान श्री राम जी के अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की तपस्या के बाद आगामी वर्ष में 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनना बेहद सौभाग्य का विषय है। इसलिए वह सभी शहर वासियों से अनुरोध करते हैं कि 22 जनवरी को दीपावली की तरह हर शहर वासी अपने अपने घर पर दीपक जरूर जलाएं।मेयर निखिल मदान ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएँ भी दी। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजनोपदेशक राम निर्मोहिया ने मधुर भजन सुनाए।उनके साथ भजनोपदेशक बालकृष्ण रत्न,मुकुंद लाल आनंद ,सुलेख चंद भी मौजूद रहे। साथ ही मंदिर कमेटी के प्रधान प्रेम नाथ परुथी,सचिव संत लाल परुथी, महेश सपड़ा,अशोक परूथी ,महेंद्र परूथी, ईश कुमार परूथी, रोम जीत परूथी भी मौजूद रहे।

# अध्यापक अभिभावक मिलन समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़** ।श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ में 31 दिसम्बर रविवार को अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल के चैयरमेन डॉ. बीरसिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने की। इस बारे में जानकारी देते पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किया गया। मिलन समारोह में अभिभावकगण को विद्यार्थियों की शिक्षा संबंधी एवं दिसम्बर माह तक हुए परीक्षा परिणामों से अवगत करवाया गया। अध्यापक अभिभावक मिलन समारोह में सैकड़ों की संख्या में अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर अपने बच्चों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त की एवं उनके भविष्य को संवारने के लिए अध्यापकों से मिलकर उचित मार्गदर्शक देने पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सफलता प्राप्त करने की इकलौती कुंजी है तथा शिक्षा विद्यार्थी को जीवन जीने के लिए नई दिशा प्रदान करती है, शिक्षा विद्यार्थी को न केवल शिक्षित बनाती है बल्कि विद्यार्थी में संस्कृति एवं सभ्यता का ज्ञान भरकर उसे राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करती है। विद्यार्थी की शिक्षा और अभिभावक दोनों के दिशा-निर्देशन एवं सहयोग से ही सम्पूर्ण होती है। विद्यालय के सीईओ कर्मवीर राव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी को शिक्षित करने में जितना योगदान एक गुरु का होता है उतना ही योगदान उनके माता-पिता का होता है। आधुनिक युग को क्रांतिकारी युग कहा गया है।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ यज्ञ के द्वारा किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन आर्य** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एन एस एस यूनिट के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ यज्ञ के द्वारा किया गया । इस शिविर के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य मनीष रहे।

शिविर में पहुंचने पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार, प्रवीण वर्मा तथा संदीप ने पुष्पकुंज देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने एनएसएस सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि शिविर की अवधि 31 दिसम्बर 2023 से 6 जनवरी 2024 तक है। इस बार शिविर की थीम "आत्मनिर्भर भारत" है।

प्राचार्य मनीष ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा जीवन में लक्ष्य का होना बहुत ही अनिवार्य है और उसके लिए आत्मविश्वास और रणनीति जिसके तहत उसे उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके वह समय से मिल जाये बहुत जरूरी है। इस प्रकार स्वयंसेवक स्वयं का अपने परिवार का अपने समाज का और देश के लिए योगदान दे सकते हैं ।

इस शिविर के दौरान बच्चों में आत्मविश्वास ,आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना पैदा करना ही इस शिविर का उद्देश्य है ।

युवाओं के नैतिक विकास एंव चरित्र निर्माण में एन एस एस की विशेष भूमिका है। ये युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक है ।

कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ने कहा कि सांयकालीन सत्र में खेल गतिविधियाँ करवायीं जायेंगी

इस अवसर पर प्रवीण वर्मा तथा संदीप ,मनोज, जोनी ,अनूप उपस्थित रहे।

# लेह-लद्दाख के हथकरघा उद्योग पर हकेवि करेगा शोध

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़** । लेह-लद्दाख में उपलब्ध हथकरघा उद्योग अपने उत्पादों के लिए देश-विदेश में एक अलग पहचान रखता है। बावजूद इसके पिछले कुछ दशकों में आवश्यक बदलावों के परिणाम स्वरूप इस उद्योग के सतत विकास की दिशा में सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। तेजी से बदलते बाजार और उसकी आवश्यकताओं को देखते हुए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग द्वारा इस उद्योग के विकास हेतु विशेष शोध कार्य किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अवश्य ही यह शोध कार्य लेह-लद्दाख के हथकरघा उद्योग के विकास हेतु प्रयासरत नीति-निर्धारकों के लिए उपयोगी साबित होगा। विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विवेक बाल्यान को इस कार्य हेतु भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर) की ओर से माइनर प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है।

# प्रधानमंत्री की मन की बात को कार्यकर्ताओं ने सुना



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**करनाल** लोकसभा सांसद संजय भाटिया में रविवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सैकड़ो कार्यकताओं के साथ सुना और उन बातों को सांझा भी किया। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस तरह से लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए और सामाजिक प्रतिबद्धता को सबके साथ सबके सामने रखा है उससे उनकी लोगों के प्रति दूरदर्शिता झलकती है कि वह किस तरह से समाज के प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ रहने की कामना करते हैं और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हैं।

संजय भाटिया ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सामाजिक प्रतिबद्धता को साथ लेकर चलना चाहिए ताकि हम समाज के हर तबके को ऊंचा उठा सकें। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना ही हर आदमी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज की कल्पना का संदेश दिया है इसलिए हमें आस पड़ोस में भी साफ सफाई रखनी चाहिए। हमें एक दूसरे के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने जिस तरह से विगत में मोटे अनाज को प्रेरित करने की अपील की थी हमें मोटे अनाज का सेवन ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उनके कार्यालय में सांसद संजय भाटिया और उनके दरवाजे कार्यकताओं के लिए सदैव खुले हैं। कोई भी कार्यकर्ता आकर अपनी समस्या यहां रख सकता है। प्रमोद विज ने कहा कि कार्यकताओं के साथ सांसद संजय भाटिया और उनका सदैव से ही समन्वय रहा है। आमजन की समस्याओं को हल करवाना वे अपनी प्राथमिकता समझते हैं और यह निरंतर भविष्य में भी जारी रहेगा। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट और हरियाणा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष सरिता डांगी, भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रफाकत हसन, प्राण रत्नाकर,सुनील सोनी, महेश थरेजा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने रविवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद के कार्यालय में उपस्थित आमजन की समस्याएं भी सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर उन्हें हल करने के निर्देश भी दिए।


**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक**
अनूसुचि कॉमर्शियल बैंक
पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राउंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **08-01-2024 को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 46288730003933 | Manga Ram | 6.45 |
| 2 | 46288160000246 | Amit Singh | 9.88 |
| 3 | 46288730003910 | Jyoti Devi | 9.63 |
| 4 | 46288730003962 | Maya Devi | 10.9 |
| 5 | 46288730004580 | Vikas Tanwar | 17.74 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, 1369, सी/11, अंबाला, रोड़, सी/ओ, दीप पैलेस, वार्ड नं. 15, मॉडल टाउन, कैथल, हरियाणा-135027 | | | |
| 6 | 46088730021029 | Nirmala Devi | 9.02 |
| 7 | 46088730020905 | Bala Devi | 6.31 |
| 8 | 46088730021858 | Pinky Pinky | 5 |
| 9 | 46088730021921 | Ajay Kumar | 8.69 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, खसरा नं. 150-151, पिपली रोड़, कैनरा बैंक के सामने, सिंडिकेट बैंक के नजदीक, कुरुक्षेत्र-136118, भारत | | | |
| 10 | 47918740001438 | Sushil Kumar | 21.95 |
| 11 | 47918730018903 | Shila Devi | 9.91 |
| 12 | 47918730017889 | Inderjeet K | 10.15 |
| 13 | 47918730019030 | Manish Kumar | 7.34 |
| 14 | 47918730018780 | Anju A | 3.43 |
| 15 | 47918730019001 | Harpreet Kaur | 6.05 |
| 16 | 47918730019066 | Pramjit | 6.64 |
| 17 | 47918730019027 | Manish Kumar | 5.96 |
| 18 | 47918730019040 | Manish Kumar | 7.61 |
| 19 | 47918730018814 | Jamsed J | 4.44 |
| 20 | 47918730018929 | Vikas Kumar | 4.08 |
| 21 | 47918730017913 | Shano Devi Devi | 5.17 |
| 22 | 47918730017926 | Farman F | 5.48 |
| 23 | 47918740001477 | Sarjeeto Devi | 15.02 |
| 24 | 47918730018879 | Mamo Devi | 3.95 |
| 25 | 47918730018725 | Ravinder Kumar | 5.39 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, एसडीओ 188-189, सेक्टर-17 हुडा, तहसील जगधारी, यमुनानगर, हरियाणा- 135003, भारत | | | |
| 26 | 33698740000510 | Jyoti J | 85.38 |
| 27 | 33698730011041 | Sube Singh | 14.62 |
| 28 | 33698730011012 | Vijay Pal | 7.843 |
| 29 | 33698730011051 | Geeta Devi | 5.388 |
| 30 | 33698730010914 | Sushila Devi | 24.82 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, खना नं. 1005/1038, वार्ड नं.05, बिलासपुर रोड़, ग्राऊंड फ्लोर, एक्सिस बैंक के सामने, नियम सब्जी मंदिर, हरियाणा, पटौदी, पिन-122503, भारत | | | |
| 31 | 32028730008572 | Vikram Kumar | 7.06 |
| 32 | 32028730009102 | Gurmeet Singh | 7.2 |
| 33 | 32028730008970 | Ramji Dass | 6.84 |
| 34 | 32028730009115 | Kulwinder Singh | 6.79 |
| 35 | 32028730009128 | Krishan Kumar | 4.63 |
| 36 | 32028730009091 | Jagdeep Singh | 19.2 |
| 37 | 32028730009052 | Arun Na | 8.94 |
| 38 | 32028730008674 | Pankaj Sharma | 9.45 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, सेकेंड फ्लोर, 5365-66, निकॉलसन रोड़, अंबाला कैंट- 133001 | | | |
| 39 | 30208730011350 | Mahender Gandhi | 7.9 |
| 40 | 30208730011297 | Shiv Raj | 12.55 |
| 41 | 30208730011284 | Sanju Sanju | 15.14 |
| 42 | 30208730011311 | Yatin Khandelwal | 10.2 |
| 43 | 30208730011360 | Renu Renu | 5.3 |
| 44 | 30208730011222 | Hemant Sharma | 13.68 |
| 45 | 30208730010637 | Asha Devi | 6.06 |
| 46 | 30208730011373 | Kamla K | 12.75 |
| 47 | 30208730011261 | Jitendra Thakur | 12.2 |
| 48 | 30208740000730 | Seema Seema | 28.73 |
| 49 | 30208730011334 | Mamta Gandhi | 19.5 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, 54/9, न्यू रेलवे रोड़, भीम नागर चौक, गुड़गांव, हरियाणा-122001 | | | |
| 50 | 30418730009006 | Vimlesh M | 11.63 |
| 51 | 30418730009762 | Saraswati Dhanraj Pandey | 9.76 |
| 52 | 30418730009644 | Neeru Devi | 4.79 |
| 53 | 30418730009660 | Meera Devi | 6.31 |
| 54 | 30418730009746 | Babita Kumari | 8.23 |
| 55 | 30418730009631 | Neeru Devi | 3.81 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. टावर- 2ए/115, ग्राऊंड & फर्स्ट फ्लोर, एनआईटी फरीदाबाद-121001 | | | |
| 56 | 45288730009461 | Bablu I | 3.89 |
| 57 | 45288730009767 | Neeraj Kumar | 24.68 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड और फर्स्ट फ्लोर, हुडा, सेक्टर-12, एससीओ -06, मदर थेरेसा, मार्किट, पानीपत,-132103, हरियाणा | | | |
| 58 | 45238730013270 | Savita Devi | 5.07 |
| 59 | 45238730011840 | Darshana Prakash | 20.66 |
| 60 | 45238730011863 | Parmod Kumar | 42.08 |
| 61 | 45238730009807 | Sanjay S | 4.9 |
| 62 | 45238730011939 | Pinki P | 21.05 |
| 63 | 45238740001404 | Mahesh M | 35.81 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर नं. 3123/सी और संपत्ति का भाग नं. 3089, मोहल्ला रामबस रेवाड़ी, रेवाड़ी-123401, भारत | | | |
| 64 | 31248730015037 | Sunita Devi | 46.07 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, संपत्ति नं. 2152, बवाना रोड़, नरेला मंडी- दिल्ली110040 | | | |
| 65 | 48298730000709 | Rishi Pal | 13.1 |
| 66 | 48298730001092 | Sushila | 4.96 |
| 67 | 48298730001270 | Vikas Vikas | 5.92 |
| 68 | 48298730001317 | Anita Anita | 5.48 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 206, एसईसी डीएससी, अर्बन एस्टेट, जींद, हरियाणा, 126101 | | | |
| 69 | 31288740006609 | Veerwati Devinder | 54.05 |
| 70 | 31288740007575 | Mahender Kumar | 52.77 |
| 71 | 31288160000509 | Kavita | 28.82 |
| 72 | 31288730015812 | Saroj Bala | 29.08 |
| 73 | 31288740006724 | Shoyab Na | 41.07 |
| 74 | 31288740006651 | Savita Ravi Kumar | 19.1 |
| 75 | 31288730017485 | Sunil Kumar | 18.26 |
| 76 | 31288730017305 | Pushpa Rani | 4.08 |
| 77 | 31288740007397 | Malti | 30.46 |
| 78 | 31288740006954 | Pradeep Kumar | 63.57 |
| 79 | 31288740006967 | Pradeep Kumar | 47.72 |
| 80 | 31288740007730 | Savita | 28.26 |
| 81 | 31288740007217 | Manoj Kumar | 9.76 |
| 82 | 31288730017101 | Poonam Na | 5.64 |
| 83 | 31288730017462 | Raj Bala | 14.56 |
| 84 | 31288740006201 | Kapil | 12.64 |
| 85 | 31288740006740 | Vishnu V | 28.5 |
| 86 | 31288740007042 | Ram Shankar Sharma | 15.78 |
| 87 | 31288730015657 | Vikram Na | 11.05 |
| 88 | 31288730017140 | Sonam Karamweer | 4.17 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, एफसीए-57, फर्स्ट फ्लोर, चावला कॉलोनी, 100 फीट रोड़, बल्लभगढ़ फरीदाबाद-121004 | | | |
| 89 | 34038730013911 | Meera Devi | 15.22 |
| 90 | 34038730014696 | Manju Devi | 6.09 |
| 91 | 34038730014940 | Sunaina Jha | 3.66 |
| 92 | 34038730014798 | Neeraj Kumar | 18.33 |
| 93 | 34038730014861 | Sarita Chaudhary | 11.87 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर & फर्स्ट फ्लोर संपत्ति नं. खसरा नं. 1621/2, अनुसूची रोड नं. 3, दिल्ली-मथुरा रोड़ा एनएच-2, मौजा अनंगपुर, फरीदाबाद, हरियाणा-121101 | | | |
| 94 | 31268730005832 | Kamaljeet | 14.19 |
| 95 | 31268730005680 | Savita | 4.41 |
| 96 | 31268730005855 | Raj Kumari | 5.4 |
| 97 | 31268740000906 | Vibha Devi | 18.66 |
| 98 | 31268730005690 | Satish | 5.1 |
| 99 | 31268730006361 | Suman | 16.15 |
| 100 | 31268730005629 | Vijay Pal Dahiya | 7.46 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर & फर्स्ट फ्लोर प्लॉट नं. 18/192, अग्रवाल कॉलोनी, नहारा नहारी रोड़, बहादुरगढ़-124507 | | | |
| 101 | 32068730004503 | Sunita Sunita | 6.5 |
| 102 | 32068730004380 | Devinder | 5.3 |
| 103 | 32068730004286 | Birmati Birmati | 13.8 |
| 104 | 32068740000342 | Vijay Kumar | 51.1 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर & फर्स्ट फ्लोर प्लॉट नं. ए/2, प्रेम नगर एटलस रोड़, बैंक ऑफ बड़ौदा के नजदीक, सोनीपत, 131001, प्लॉट नं. 11, सोनीपत, हरियाणा-131001 | | | |
| 105 | 33688730020597 | Rakseh Kumar | 19.94 |
| 106 | 33688730021548 | Nadim Khan | 6.48 |
| 107 | 33688740000801 | Komal K | 12.12 |
| 108 | 33688730020354 | Gurmeet Devi | 8.09 |
| 109 | 33688730020341 | Rakseh Kumar | 24.46 |
| 110 | 33688730020532 | Vinod Kumar | 5.04 |
| 111 | 33688730020417 | Rohit Kumar | 11.8 |
| 112 | 33688730020420 | Sandhya S | 3.85 |
| 113 | 33688730020302 | Kasmiri Megh Raj | 10.25 |
| 114 | 33688730020558 | Neelam N | 9.29 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, कपल मोचन रोड़, छोटा बस स्टैंड, बिलासपुर, यमुनानगर, हरियाणा- पिन-135102 | | | |
| 115 | 32058730016012 | Mamta M | 25.1 |
| 116 | 32058730016551 | Sombir S | 4.8 |
| 117 | 32058730016038 | Geeta | 6.4 |
| 118 | 32058730016574 | Shubham S | 5 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, एससीएफ-197, क्यू ग्राऊंड और फर्स्ट फ्लोर, हुडा कॉम्पलैक्स, बीएसएनएल के नजदीक, कार्यालय रोहतक, हरियाणा- 124001, भारत | | | |
| 119 | 32038730004473 | Saroj R | 3.9 |
| 120 | 32038730004740 | Kavita | 7.3 |
| 121 | 32038730004727 | Seema | 4.03 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, अपर ग्राऊंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर, नं.45, वार्ड नं. 11, वजीर चंद कॉलोनी, करनाल-132001, हरियाणा | | | |

स्थान: हरियाणा
दिनांक: 01.01.2024
एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड



हरियाणा सरकार

# नव वर्ष 2024

## की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



"हरियाणा एक हरियाणवी एक" के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए प्रदेश का समान विकास हमारी प्राथमिकता रही है और इन्हीं दो मूल-मंत्रों के आधार पर हम प्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए कटिबद्ध हैं।"
**- मनोहर लाल**

## योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया
## हरियाणा में अब हर वर्ग मुस्कुराया

"केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है।"
**- नरेन्द्र मोदी**

## कुछ नई पहलें

- **दयालु योजना**- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों के परिजनों को किसी सदस्य की मृत्यु होने पर **₹5 लाख तक आर्थिक सहायता**
- **मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना**- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों के 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए
- **संशोधित मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना**- व्यापारी व कारोबारियों को ₹20 लाख तक नुकसान की भरपाई
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को **निःशुल्क 28,500 स्मार्टफोन** वितरित
- **पी.एम श्री स्कूल योजना**-प्रदेश में 124 पी.एम श्री स्कूलों की शुरुआत
- अन्त्योदय परिवारों की आय बढ़ाने के लिए हरियाणा **आय-वृद्धि बोर्ड का शुभारम्भ**
- **हरियाणा अन्त्योदय परिवार परिवहन योजना**- ₹1 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा
- **मुख्यमंत्री अन्त्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना**-दुग्ध उत्पादक अन्त्योदय परिवारों के लिए
- **गुरू - शिष्य कौशल सम्मान योजना**-शिल्पकारों, कारीगरों व श्रमिकों की कौशल क्षमता को प्रमाणित करना
- **मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना**-शहरों में बेघर लोगों को आवास सुविधा देना
- **प्राण वायु देवता स्कीम**-पुराने वृक्षों की देखभाल हेतु 3819 वृक्षों के अभिरक्षकों को **₹2750 प्रति वृक्ष वितरित**
- **सांझा डेयरी योजना**-गांवों में पंचायती भूमि पर सांझी डेयरी खोलने की शुरुआत
- **One Time Settlement स्कीम**-2023 - व्यापारियों व कारोबारियों के कर बकायों के समाधान हेतु
- विधुरों व अविवाहितों को **₹2750 मासिक पेंशन**
- महिलाओं के लिए **33 प्रतिशत राशन डिपो आरक्षित**
- हरियाणा पुलिस को मिला **राष्ट्रपति निशान**
- नशा-मुक्ति अभियान के तहत 1 से 25 सितम्बर तक **साइकिल रैली आयोजित**
- सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य के नाम पर **डाक टिकट जारी**
- नगर निगमों के महापौर व नगर परिषदों/ पालिकाओं के अध्यक्ष पदों में पिछड़ा वर्ग 'क' को 8% आरक्षण
- रोहतक में देश के पहले एलिवेटिड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन
- वर्ष 2023 में 14 टोल टैक्स बैरियर हटाये











## सुशासन ही आधार
## डबल इंजन हरियाणा सरकार

## अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले 42 लाख परिवारों का **घर बैठे बी.पी.एल. राशन कार्ड**
- **आयुष्मान-चिरायु योजना**- ₹3 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों सहित 1.10 करोड़ लाभार्थियों को सालाना ₹5 लाख के इलाज की सुविधा
- सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन जनवरी, 2024 से **बढ़कर ₹3000 मासिक**
- **परिवार पहचान पत्र**- Pro-Active Mode पर दिव्यांग पेंशन, बुढ़ापा पेंशन व ओ.बी.सी. प्रमाण-पत्र की शुरुआत
- **शहरों में 1198 अनियमित कालोनियों को किया नियमित**
- गन्ने का भाव ₹372 से बढ़ाकर **₹386 प्रति क्विंटल**
- क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से बाढ़ नुकसान की भरपाई हेतु किसानों को **₹112 करोड़ का मुआवजा जारी**
- पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को **₹138 करोड़ की प्रोत्साहन राशि** जारी
- आशा वर्कर्स का मानदेय ₹4,000 से **बढ़ाकर ₹6,100 मासिक** किया
- ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए **ऑनलाइन स्थानांतरण पोर्टल**
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक पारिश्रमिक **बढ़ाकर ₹14,000 तक किया**
- मातृभाषा सत्याग्रहियों, आपातकालीन पीड़ितों व उनकी विधवाओं तथा पत्रकारों की **मासिक पेंशन बढ़ाकर ₹15,000 की**
- औद्योगिक श्रमिकों के बच्चों की छात्रवृत्ति राशि ₹5,000 **से बढ़ाकर ₹16,000 तक की**
- महिला श्रमिकों को सिलाई मशीन खरीदने हेतु **₹4,500 की राशि**
- औद्योगिक श्रमिकों को साइकिल खरीदने हेतु **₹5,000 की राशि**
- पुलिस कर्मियों के भत्तों में अढाई गुणा बढ़ोतरी
- एशियन गेम्स-2022 में **हरियाणा के खिलाड़ियों ने 30 पदक जीते**
- हरियाणा में शत-प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण
- अम्बाला में प्रदेश के **दूसरे हवाई अड्डे का शिलान्यास**
- कैथल व यमुनानगर में **2 नये सरकारी मेडिकल कॉलेजों का भूमि पूजन**
- राशन डिपो धारकों का कमीशन **₹1.50 से बढ़ाकर ₹2 किया**
- सरपंच का मानदेय बढ़ाकर **₹5000 व पंच का ₹1600 मासिक** किया
- पालिकाओं के मेयर, प्रधान व सदस्यों के मानदेय **बढ़ाकर किए ₹30,000 मासिक** तक

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

# विधायक नीरज नैय्यर ने नवाजे कोलका स्कूल के मेधावी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**विधायक नीरज** नैय्यर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोलका के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध है और इस दिशा में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू निरंतर कार्य कर रहे हैं ताकि वंचित वर्गों को घरद्वार पर शिक्षा सुविधा उपलब्ध हो सके और सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सके।नीरज ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे



वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में कड़ी मेहनत करे और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएं और सकारात्मक व रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाएं। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी की समस्या पर चिंता व्यक्त की और शिक्षकों, अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों पर मानसिक दबाव न बनाए और विद्यार्थियों को उनकी रुचि अनुसार पाठ्यक्रम के लिए प्रेरित करें।विद्यायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चंबा के लोगों की समस्याओं के समाधान और मूलभूत सुविधाओं के लिए उनकी आवश्यकता और आकांक्षाओं के अनुरूप प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र चंबा के हर गांव को सडक सुविधा के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं व अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है जिसके लिए वह कृत संकल्प है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकासआत्मक कार्यों का जिकर भी अपने संबोधन किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और विधायक ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार रुपये की राशि प्रदान की।इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रताप सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# 2024 में एक बार फिर भाजपा सरकार, 2023 रहा उपलब्धि भरा : बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष** डॉ राजीव बिंदल ने कहा की ईसा संवत, ईस्वी संवत 2024 का शुभारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।2023 का वर्ष देश के लिए बहुत सी नई उपलब्धियां लेकर आया। खेलों के क्षेत्र में देश ने दुनिया में अपना स्थान बनाया। चंद्रयान की सफ लता ने देश को दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई। जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिली और जी-20 की सफ लता ने दुनिया के देशों में भारत को आर्थिक, सामाजिक, शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में देखना शुरू किया। भारत आर्थिक पायदान पर 10वें स्थान से 5वें



स्थान पर पहुंचा। सडकों के निर्माण, पेयजल के निर्माण, बिजली सुधार, गरीब कल्याण की दिशा में 2023 का वर्ष बेहतर रहा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना, महिलाओं की शक्ति का राष्ट्र निर्माण में योगदान सुनिश्चित करेगा। हिमाचल प्रदेश में 2023 की भारी बरसात की त्रासदी बहुत बड़े जख्म छोड़ गई। इस त्रासदी ने 400 से अधिक बहुमूल्य जाने लील ली, सैंकड़ों लोगों को बेघर कर दिया। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि मेरा प्रदेश इस त्रासदी के घावों को शीघ्र भरता हुआ आगे बढ़े और विकास की नई ऊंचाईयां छुए। 2024 का वर्ष हिमाचल प्रदेश के लिए और देश के लिए अत्यंत शुभ हो, ऐसी प्रभु श्रीराम के चरणों में प्रार्थना है। लगभग 500 वर्ष के संघर्ष के बाद श्री अयोध्या जी में भव्य राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने जा रहा है। 2024 का आगाज श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ एक नए सांस्कृति राष्ट्रवाद को जन्म देगा। वर्ष 2024 आप सबके लिए सुख, शांति, समृद्धि लेकर आए, ऐसी कामना करता हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### चार नौजवान भारतीय सेना में भर्ती होकर प्रशिक्षण के लिए रवाना

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। सेना भर्ती निदेशक कार्यालय शिमला कर्नल पुष्विंदर कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना में भर्ती हुए हिमाचल प्रदेश के चार नौजवानों को सेना डाक विभाग प्रशिक्षण केंद्र, कामठी (नागपुर) के लिए रवाना किया गया है। उन्होने बताया कि भर्ती हुए नौजवानों में से एक जवान वारंट अफ सर, एक जवान नायक और दो जवान सिपाही के पद पर भर्ती हुए है । इन जवानों का मेडिकल 01 दिसम्बर, 2023 को सेना भर्ती कार्यालय शिमला में हुआ था। अंतिम दस्तावेजीकरण के बाद 29 दिसम्बर, 2023 को इन्हें सेना डाक विभाग प्रशिक्षण केंद्र, कामठी (नागपुर) के लिए रवाना करने पहले भर्ती निदेशक कर्नल पुष्विंदर कौर ने भारतीय सेना में इनका स्वागत किया और मेहनत तथा लगन से प्रशिक्षण पूरा करने के लिए कहा।

### नाहन यूको बैंक की अपील खारिज, आकाश बिश्नोई के हक में हुआ फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। हिमाचल** प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग शिमला ने यूको बैंक नाहन की अपील को खारिज करते हुए उपभोक्ता आकाश विश्नोई के हक में फैसला सुनाया है। उपभोक्ता द्वारा वर्ष 2006 में यूको बैंक नाहन से आवास ऋ ण फ्लोटिंग रेट 8.75 प्रतिशत पर लिया था। इसके उपरांत ऋ ण की ब्याज दरों में वृद्धि होने पर ऋ ण का भुगतान बढ़ी हुई दरों के अनुसार किया जाता रहा परन्तु जब ब्याज दरों में कमी आई तो बैंक ने ब्याज दरों में कटौती नहीं की उसे 11.25 प्रतिशत के अनुसार ही उपभोक्ता से वसूला जाता रहा।वर्ष 2015 में उपभोक्ता का ध्यान इस ओर गया कि बैंक द्वारा अधिक ब्याज दरों के साथ ऋ ण की राशि को वसूला जा रहा है तो बैंक मैनेजर से इसके बारे में शिकायत दर्ज की गई। परन्तु बैंक के अधिकारियों द्वारा ब्याज की दरों को कम करने से मना कर दिया और कहा गया कि बैंक के नियम बदल गए हैं और आपको कुल बकाया ऋण की राशि का 1 प्रतिशत जमा करना होगा। उसके उपरांत ही ब्याज दरों को कम किया जाएगा। यूको बैंक के उच्चाधिकारियों से भी इस संदर्भ में लिखित शिकायत की गई परन्तु उनके द्वारा भी यही जवाब दिया गया। इसके उपरांत उपभोक्ता आकाश विश्नोई द्वारा जिला उपभोक्ता फ ोरम सिरमौर नाहन में शिकायत 42/2016 में दर्ज करवाई। सभी तथ्यों को देखने सुनने के बाद इसका निर्णय 20-11-2019 को आकाश विश्नोई के पक्ष में दिया गया था परन्तु यूको बैंक के शिमला मुख्यालय तथा नाहन शाखा द्वारा जिला उपभोक्ता फ ोरम सिरमौर नाहन के निर्णय के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग शिमला में 06-01-2020 को अपील दाखिल की गई। परन्तु वहां पर भी यूको बैंक उपभोक्ता के आवास ऋण वर्ष 2006 की स्वीकृति के उपरांत बढ़ी हुई ब्याज दरों के बदलाव से सम्बंधित कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया।

### पांवटा-शिलाई एनएच पर शिल्ला के पास हुआ भूस्खलन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। जिला सिरमौर** के उपमंडल पांवटा साहिब में पांवटा-शिलाई एनएच-707 शिल्ला के पास पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण एक घंटे बंद रहा। भूस्खलन होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की कतारें लगी रही। हालांकि निमार्णाधीन कंपनी ने मशीनें लगाकर मार्ग को बहाल कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, इन दिनों हाईवे पर मार्ग को चौड़ा करने का कार्य चला हुआ है। इसी दौरान आज दोपहर करीब 11 बजे कफ ोटा के नजदीक शिल्ला के पास अचानक पहाड़ी से भूस्खलन हुआ और बड़ी-बड़ी चट्टानें मार्ग पर गिर गई। जिससे मार्ग करीब एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा। हालांकि गनीमत यह रही कि भूस्खलन के दौरान सडक पर कोई वाहन मौजूद नहीं था। वहीं मार्ग पर चट्टानें गिरने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्क्तों का सामना करना पड़ा। बता दें कि करीब एक घंटे बाद 12 बजे तक मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर किया गया। एसडीएम राजेश वर्मा ने खबर की पुष्टि की है।

## सिरमौर जिला में शास्त्री शिक्षक के पद भरे जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। शिक्षा विभाग** सिरमौर जिले में शास्त्री शिक्षक (सी एंड वी) वर्ग के पद बैच वाइज आधार पर साल-2024 में भरने जा रहा है। यह जानकारी प्रारंभिक शिक्षा उप-निदेशक, सिरमौर अनुपम गुप्ता ने शनिवार को यहां दी। बता दें कि पूर्व में किन्हीं प्रशासनिक कारणों से शास्त्री शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थीए जो अभी हटा दी गई है। उन्होंने बताया कि शास्त्री शिक्षक पदों को भरने की काउंसलिंग भर्ती प्रक्रिया आगामी 8 से 11 जनवरी तक पूरी की जाएगी।

# आधुनिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना सरकार की वचनबद्धता: नरेश

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**
**मुख्यमंत्री के** प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार आधुनिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाकर युवाओं को भविष्य का उत्तरादायी नागरिक बनाने के लिए कृत संकल्प है। नरेश चौहान आज सोलन की ग्राम पंचायत शमरोड़ के धारों की धार स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। नरेश चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी पूरे विश्व में संचार का सशक्त माध्यम है। ऐसे में यह आवश्यक है कि हमारे छात्र छोटी कक्षाओं से ही अंग्रेजी भाषा की जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने



कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार ने सभी सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा आरम्भ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के छात्र सुगमता से आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे।
प्रमुख मीडिया सलाहकार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सोच सभी क्षेत्रों का संतुलित एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाना है। प्रदेश सरकार शिक्षाए स्वास्थ्य और सडक जैसी मूलभूत सुविधाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में चरणबद्ध आधार पर स्मार्ट कक्षाएं आरम्भ की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित होने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल छात्रों को बेहतर शिक्षा एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने का सशक्त माध्यम बनेंगे। सोलन जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे.बोर्डिंग स्कूल के लिए भूमि चिन्हित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अगले 10 वर्षों में हिमाचल प्रदेश को देश का सम्पन्न राज्य बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उनकी संवेदनशील एवं दूरगामी सोच से आपदा के दौरान भी राज्य के पीड़ित लोगों को समय पर सहायता पहुंचाना सुनिश्चित बनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आपदा पीड़ितों के लिए अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज जारी किया और आपदा राहत मेनुअल में संशोधन के माध्यम से पीड़ितों को समुचित सहायता राशि उपलब्ध करवाई।
नरेश चौहान ने इस अवसर पर विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों के लिए अध्यापकों और छात्रों को बधाई देते हुए आशा जताई कि विद्यालय भविष्य में भी अपनी यात्रा जारी रखेगा।उन्होंने कहा कि विद्यालय में अतिरिक्त कमरों के निर्माण और अन्य मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा ताकि यह शीघ्र पूरी हो सके। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को अपनी ओर से 30 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

# वर्ष 2024 में सबका जीवन सफ ल सम्पन्न और हो स्वस्थ: धूमल

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**वर्ष 2024 में** सबका जीवन सफल सम्पन्न और स्वस्थ हो। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रभु श्री राम से ऐसी प्रार्थना करते हुए नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने दी नववर्ष की बधाई बधाई संदेश में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि नव वर्ष के पावन अवसर पर आप सबको बधाई और शुभकामनाएं प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आप सबका जीवन सफल संपन्न और स्वस्थ



हो। हमारा देश प्रदेश लगातार आगे बढ़े। भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में और तीव्र गति पकड़ कर आगे बढ़े। वर्ष 2024 निर्णायक वर्ष रहेगा। सदियों के इंतजार और अनगिनत महान विभूतियों की तपस्या व बलिदान के पश्चात भगवान श्री राम लाल अयोध्या में एक भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं यह हम सब का सौभाग्य है कि हम अपनी जीवित आंखों से इस शानदार दृश्य का साक्षी बनेंगे। इसकी खुशी उमंग और उत्साह शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। यह वर्ष हमारे देश की यश कीर्ति ताकत और संपन्नता को बढ़ाने वाला हो। देश की युवा शक्ति अनुभवी मार्गदर्शन में अत्याधुनिक तकनीक और पारंपरिक त्रिकोण में सामंजस्य बिठाते हुए भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने की राह पर आगे बढ़ाएं।

## जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति का गठन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में कानून एवं व्यवस्था के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए जिला में लाइसेंस प्राप्त हथियारों को जमा करने के संबंध में एक जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि समिति में सदस्य के रूप में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) शिमला तथा पुलिस अधीक्षक शिमला शामिल होंगे।

# जय श्रीराम उद्घोष के साथ अक्षत कलश शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**अयोध्या से प्राण** प्रतिष्ठा हेतु हमीरपुर के राम मंदिर में आए पूजित अक्षत कलश के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को जिला हमीरपुर के डिग्री कॉलेज अणु चौक से बाबे दी कुटिया शिव मन्दिर भड़मेली में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।
आज इस अक्षत कलश के दर्शन हेतु शोभायात्रा हमीरपुर के अणु चौक से होते हुए चौकी, शिव मंदिर कुठेडा, कुठेडा. बाजार होते हुए मझोग चौक रोड चौक होते हुए भड़मेली चौक से बाबे दी कुटिया शिव मन्दिर पर समापन हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुजानपुर के पटलंदर खण्ड के प्रभारी डॉक्टर सचिन शामा संघचालक द्वारा कलश को माथे पर दर्शन हेतु रखा गया। इस शोभा यात्रा का मुख्य केंद्र अक्षत कलश के साथ-साथ रथ पर विराजमान सीता-राम, लक्ष्मण, आकर्षण के केंद्र रहे। जैसे-जैसे

**शोभायात्रा**

**8 कॉलेज अणु चौक से बाबे दी कुटिया शिव मन्दिर भड़मेली में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया**

शोभायात्रा आगे बढ़ रही थी वैसे-वैसे गांव वासियों के द्वारा अक्षत कलश के ऊपर में फू ल की वर्षा होता रहा। सैंकड़ों लोग स्वागत करने के लिए सडकों के किनारे खड़े थे। पूरे कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया है। इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ-साथ बूढ़े बुजुर्ग के द्वारा भी उत्साहित होकर जय श्री राम का नारा लगाया जा रहा था। इस मौके ग्राम पंचायत प्रधान सुभाष चन्द शामा ने कहा कि 500 वर्षों का कलंक 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही धूल जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज ने यह संकल्प लिया था कि राम मंदिर एक दिन में नहीं पर एक दिन जरूर बनेगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से जरुरमंदों को बांटी गई

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/हामिद**
**डीएवी पब्लिक** स्कूल चंबा में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वामी श्रद्धानंद जी की स्मृति में उनके सेवा कार्य को कार्यान्वित करने हेतु अनाथालयों, जरूरतमंदों तथा गरीबों की मदद का संकल्प लिया गया।इस सेवा यज्ञ में प्रधानाचार्य, अध्यापकों तथा बच्चों एवं अविभावकों ने अपना बढ़-चढकर योगदान दिया।
श्रद्धानंद जी ने अपने समस्त जीवन को धर्म, राष्ट्र, राष्ट्रभाषा और जनता की सेवा में अर्पित किया। इसलिए उनके इस जन सेवा के कार्य को सुचारू रूप से



चलाए रखने के लिए डीएवी विद्यालय चंबा उनकी स्मृति में अपने इस छोटे से प्रयास में निरंतर प्रयासरत है इसलिए डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा की ओर से झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को वस्त्र एवं खाद्य सामग्री तथा उनके बच्चों को कॉपी, पेंसिल, पानी पीने की बोतलें, खिलौने, मूंगफ ली और गचक वितरित किए गए।
प्रधानाचार्य ने बच्चों को शिक्षा सामग्री देते हुए उन्हें पढ़ लिखकर बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की ओर से गए अध्यापकों ने बच्चों के साथ मिलकर गायत्री मंत्र का जाप तथा शांति पाठ किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया, सुमन कुंद्रा, अनीता शर्मा, हिमानी, शैलजा, नरेंद्र कुमार, बबलू ठाकुर, रंजीत ठाकुर कपिल शर्मा तथा विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी पवन कुमार, सुरेंद्र कुमार, कृष्णा, रविंद्र कुमार एवं योगराज उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने इस पुण्य कार्य को सफ ल बनाने के लिए सबका धन्यवाद किया तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# मनाली मॉल रोड पर महानाटी के लिए हुई रिहर्सल

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ अंगारिया**
**विंटर कार्निवाल** 2024 में होने वाली महानाटी की रिहर्सल में राइट बैंक मनाली से महिलामंडलों से हिस्सा लिया। 100 से ज्यादा महिला मंडलों की सैंकड़ों महिलाओं ने मॉल रोड पर कुल्लवी नाटी की रिहर्सल की।
विंटर कार्निवाल मनाली में होने वाली महानाटी की यह अंतिम दौर की रिहर्सल थी। मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गौड़ इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक द्वारा विंटर कार्निवाल की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मनाली



प्रशासन ने सरकार के आदेशानुसार प्रदेश की संस्कृति को संजोए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का बेहतर प्रबंधन किया है। विधायक ने कहा कि नव वर्ष पर भी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। जिसके लिए भी प्रशासन ने पूरा इंतजाम किया है ताकि पर्यटक मनाली में खुशी खुशी नव वर्ष का आगाज कर सकें। इस संबंध में डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला से अधिक पुलिस बल मनाली पहुंच चुके हैं। मनाली एसडीएम रमण शर्मा ने कहा कि पर्यटक बेखौफ मनाली में नव वर्ष की पूर्व संध्या का आनंद ले सकते हैं। पर्यटन के मनोरंजन के लिए प्रशासन द्वारा मनाली मॉल रोड पर लोकल कुल्लवी नाटी एवं गीत संगीतमयी संध्या के आयोजन किया है।

# सिरमौर में जल्द पूरी होगी आभा व एनसीडी की स्क्रीनिंग: डॉ. अजय पाठक

## 40 साल के ऊपर की हरेक महिला की होगी ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**मुख्य चिकित्सा** अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने खंड चिकित्सा अधिकारियों को सिरमौर जिले में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खातों (एबीएचए) व गैर संचारी रोग (एनसीडी) संबंधी स्क्रीनिंग को जल्द पूरा करने को कहा है। वे शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी नाहन कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिले में

**स्क्रीनिंग**

**8 गैर संचारी रोग (एनसीडी) संबंधी स्क्रीनिंग को जल्द पूरा करने को कहा है।**

आभा व एनसीडी की स्क्रीनिंग का कार्य जल्द पूरा होने जा रहा है। उन्होंने जिला के सभी बीएमओ को अपने कार्यक्षेत्र में इन स्कीमों का जन-जन में व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग सिरमौर जिले में 40 साल की आयु पूरी करने वाली हरेक महिलाओं की ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) संबंधी स्क्रीनिंग शुरू करने जा रहा है। इसके लिए सभी बीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिला में चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों की फ ीडबैक ली और चल रहे कार्यों पर समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ निसार अहमद, सहित आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षा हुई शांतिपूर्ण एवं नकलरहित सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने बताया कि उपायुक्त अनीश यादव के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षा आज रविवार को जिला में सभी 33 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलरहित सम्पन्न हुई। कहीं कोई अनियमितता नहीं मिली। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा प्रबंधों और जैमर आदि की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया था। परीक्षा का आयोजन केवल एक ही समय सुबह के सत्र मे किया गया था । सभी 33 परीक्षा केंद्रों में 8069 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1616 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। इस प्रकार 83.31 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे, जबकि परीक्षा में 9685 अभ्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा दूसरे जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए बसों आदि की समुचित व्यवस्था पहले ही कर ली गई थी। इस परीक्षा के लिए एसडीएम असंध वीरेंद्र सिंह ढुल को नोडल अधिकारी बनाया गया था।

### डॉ0 बलवन्त सिंह ने संभाला खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यभार



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेहरा कुरुक्षेत्र के प्राचार्य डा. बलवन्त सिंह वत्स ने खण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में रादौर (5017) जिला यमुनानगर मे कार्यग्रहण कर लिया है। सरकार द्वारा 2008 में प्राचार्य की सीधी भर्ती के लिए चयनित प्राचार्य की सूची में 164 उमीदवार थे, उनमें प्राचार्य डॉ0 वत्स का सर्व-प्रथम स्थान था। 2014 में इनको राज्यपाल हरियाणा द्वारा श्रेष्ठ पुस्तक लिखने पर श्रेष्ठ कवि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इन्होने छः विषयों में मास्टर डिग्री (एमए) की हैं, संस्कृत विषय में पीएचडी की है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से एलएलबी की है। दो एमए के विषयों में दो अलग अलग विश्वविद्यालयों से गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। 1988 में अखिल भारतीय संस्कृत भाषण प्रतियोगिता मे द्वितीयस्थान प्राप्त करने पर राष्ट्रपति ने इनको सिल्वर मेडल से सम्मानित किया था। 2008 में शिक्षा क्षेत्र में स्टेट अवार्ड मिला हुआ है। आकाशवाणी रोहतक से लगभग 25 वर्षों से रेडियो सिंगर हैं। 2014 में संस्कृत लेखक के रूप में इनको राज्यपाल हरियाणा के करकमलों से संस्कृत अकादमी पंचकूला द्वारा सम्मानित किया गया है। सीएम एनिमेट पर्सन प्रदीप झांब ने डा. बलवंत सिंह वत्स को पदोन्नति के लिए शुभकामनाएं दी है।

### 37 वर्ष की सेवा पूर्ण कर विकास अधिकारी पूर्णमल लूणीवाल हुए सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

नारनौल । सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान, सर्व समाज के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था, दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल द्वारा मालवीय नगर, नारनौल निवासी पूर्णमल लूणीवाल को उनकी 37 वर्ष की ओरियंटल इंस्योरेंस, नारनौल से बेदाग सर्विस पूर्ण करने के बाद विकास अधिकारी के पद से सेवानिवृत्ति होने पर उनके निवास पर पगड़ी पहनाकर व बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

# करनाल का नेवी जवान बना भारत का नंबर वन गोल्फर

## ऑस्ट्रेलिया में खेलेंगे दो इंटरनेशनल मुकाबले



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिले के नरूखेड़ी गांव के रोहित नरवाल ने एमेच्योर गोल्फ में देश में पहला रैंक हासिल किया है। रोहित नेवी में सी-2 रैंक पर हैं। हाल ही में कोलकाता में हुई आइजीयू 122वीं एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर ऑस्ट्रेलिया में होने वाली इंटरनेशनल गोल्फ चैंपियनशिप में अपना स्थान बनाया है। आगामी 8 से 19 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली गोल्फ चैंपियनशिप में रोहित हिस्सा लेंगे। रोहित का कहना है कि वह अपने देश का नाम अंतरराष्ट्रीय पटल पर रोशन करना चाहता है। बीते 11 से 17 दिसंबर तक कोलकाता के आरसीजीसी गोल्ड क्लब में नेवी जवान रोहित नरवाल ने गोल्फ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कुछ अन्य देशों के गोल्फ प्लेयर भी इसमें शामिल हुए थे। यहां पर रोहित का इंडिविजुअल में भी दूसरा स्थान रहा और टीम इवेंट में भी दूसरा स्थान मिला। अब वह ऑस्ट्रेलिया में 8 से 12 जनवरी तक होने वाली ऑस्ट्रेलियन मास्टर ऑफ एमैच्योर चैंपियनशिप और 15 से 19 जनवरी तक ऑस्ट्रेलियन एमैच्योर गोल्फ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाला है। रोहित का विश्वास है कि वह ऑस्ट्रेलिया में गोल्ड मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाएंगे। रोहित नरवाल ने बताया कि वह गोल्फ में शुरू से ही रुचि रखते रहे हैं। करीब 7 महीने पहले उसने तमिलनाडु के कोयम्बटूर में हुई आइजीयू एमेच्योर गोल्फ प्रतियोगिता खेली, जिसमें उसका गोल्ड मेडल आया।

जब उसने गोल्ड जीता था तो उस दिन ही उसे नेवी में एक साल पूरा हुआ था। तमिलनाडु के बाद उसने अगस्त में नीदरलैंड में गोल्फ प्रतियोगिता खेली और दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद वह अबू धाबी में भी खेला। कोलकाता में खेलने के बाद उनकी रैंकिंग टॉप में पहुंची और वह देश का पहला रैंक प्लेयर बने हैं।

## किसान फायरिंग केस में हुआ खुलासा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिले के डबरकी कलां में यूपी से आए ट्रांसफार्मर चोरों द्वारा किसान पर फायरिंग करने के मामले में आरोपी 7 दिन के रिमांड पर चल रहा है। आरोपी ने यह खुलासा किया कि 3 साल से वह चोरी कर रहे हैं और पहली बार पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में अन्य 3 से 4 आरोपी अभी फरार चल रहे है। उन्हें पकड? के लिए पुलिस चोरों के ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। सीआइए टू के इंचार्ज मोहन लाल ने बताया कि आरोपी के रिमांड का आज तीसरा दिन है। रिमांड के दौरान आरोपी ने खुलासा किया है कि वह तीन साल से अपने तीन से चार साथियों के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। तीन साल में इन बदमाशों ने करीब 60 वारदातों को अंजाम दिया है। पूछताछ में यूपी के थाना भवन निवासी आबिद ने बताया कि रात को जब उनका गैंग चोरी करने के लिए निकलता था तो वह अपने पास देसी कट्टा और सभी औजार साथ लेकर चलते थे। वह देसी कट्टा इसलिए रखते थे।

## उत्तम नगर में युवक की निर्मम हत्या का मामला: ऑडियो क्लिप सामने आया



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** स्थानीय उत्तम नगर में युवक सोनू की निर्मम हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। एक ऑडियो क्लिप सामने आया है, जिसमें किसी सरदार के नाम सोनू के मर्डर के लिए 3 लाख रुपए की सुपारी देने की बात पता चली है। उसने सोनू को धमकी थी कि वह अपने परिवार के साथ करनाल छोडकर चला जाए। उसके बाद होने वाली ऊंच नीच का वह जिम्मेदार नहीं होगा। अगर वह करनाल छोडकर चला जाता है तो वह उसे कुछ नहीं होने देगा। आरोपी की धमकी भरी कॉल के बाद सोनू काफी सहम गया था। वह जीना चाहता था और अपनी जिंदगी के लिए आरोपी के सामने गिड़गिड़ा रहा था। सोनू ने कहा था कि वह करनाल छोडकर चला जाएगा। बावजूद इसके सोनू की हत्या कर दी गई। 11 मिनट के इस ऑडियो में सोनू अपनी ही गलती के बारे में बार-बार आरोपी से पूछ रहा है और कौन उसे मरना चाहता है। सोनू को तो ये भी नहीं पता था कि उसका दुश्मन कौन है और उसने क्या गलती है, जो उसे करनाल छोड? की धमकी दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 साल पहले ही यूपी के निनाना गांव का रहने वाला कंवरपाल अपने पूरे परिवार के साथ करनाल में आया था। वह किराए के मकान में रहता था और उसके दो बेटे थे सोनू और दीपक। सोनू की शादी कर दी गई थी, जिसके दो बच्चे है। सोनू मजदूरी का काम करता था। शिकायतकर्ता कंवरपाल ने बताया कि उसके बेटे को दो सप्ताह पहले ही फोन पर जान से मारने की धमकी मिली थी और यही ऑडियो परिवार के लोगों ने सेक्टर 32-33 थाने में दी थी।

## धार्मिक भावनाओं से सरोबार है भारतीय संस्कृतिः विनय यादव

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**

नांगल चौधरी। पूर्व आईएएस और कांग्रेसी नेता विनय यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत है और यही मूल कारण है कि हमारी सभ्यता अन्य देशों के लिए अनुसरणीय बन चुकी है । विनय यादव ने कहा कि आज भी हम साधू संतो के जीवन से प्रेरणा लेकर अपना जीवन संवारते है। यही मूल कारण है कि हमारे संस्कारों में बड़ो का सम्मान जस का तस बरकरार है । विनय आज रविवार को स्थानीय मुकंददास मंदिर में आयोजित सवामणि कार्यक्रम में शामिल हुए थे। विनय यादव का स्वागत करते पूर्व सरपंच मालाराम ने कहा कि पूर्व आई ए एस अधिकारी रहे विनय यादव का सरल स्वभाव ही उनके व्यक्तित्व की असली पहचान है।

## राजकीय सम्मान के साथ हुआ एसआई का संस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिले के इंद्रगढ़ गांव में रविवार को एसआइ ऋषिपाल का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। एसआइ के बड़े बेटे सूरज ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। शुक्रवार देर शाम को गांव के पास ही अज्ञात वाहन ने ऋषिपाल को कुचल दिया था। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया था। रात को ऋषिपाल का बड़ा बेटा ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटा था। एसआइ ऋषिपाल शुक्रवार देर शाम को बाइक पर सवार होकर गांव से इंद्री बाजार में कुछ सामान लेने जा रहे थे। जब वह इंद्री रोड पर चढ़े तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। नीचे गिरने के बाद वाहन उन्हें कुचलता हुआ निकल गया था। सडक से गुजर रहे लोगों ने ऋषिपाल को इंद्री अस्पताल में पहुंचाया। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अनुज ने बताया कि ऋषिपाल सन 1993 में पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे।

## 'पूर्व मंत्री स्व. चौधरी चंदा सिंह के कार्यों को लोग आज भी करते हैं याद'



**नमन किया**

**8 कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री चौधरी चंदा सिंह की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ में आहुति डाली और उन्हें नमन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** पूर्व मंत्री स्व. चौधरी चंदा सिंह की पुण्यतिथि पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया गया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बेटे व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ललित बुटाना सहित तमाम कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इससे पहले ललित बुटाना व अन्य कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री चौधरी चंदा सिंह की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ में आहुति डाली और उन्हें नमन किया गया। ललित बुटाना ने कहा कि उनके पिता स्व. चौधरी चंदा सिंह समाज सेवा में हमेशा आगे रहते थे। आज भी लोग उनके द्वारा करवाए गए कार्यो को याद करते हैं।

कांग्रेस की पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने भी पूर्व मंत्री स्व. चौधरी चंदा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री चौधरी चंदा सिंह एक महान व्यक्ति थे। वे हर व्यक्ति के सुख-दुख में साथ खड़े होते थे और 36 बिरादरी के लोगों को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने अपने हलके में पूरी ईमानदारी के साथ काम किया और लोगों की सेवा की।

असंध से कांग्रेस विधायक शमशेर गोगी, विधायक धर्मपाल गोंदर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व विधायक सुमिता सिंह, पूर्व विधायक रिसाल सिंह, पूर्व विधायक राकेश कांबोज, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, कांग्रेस के जिला संयोजक सण त्रिलोचन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, जेजेपी नेता माया राम चन्द्रभानपुर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इंद्रजीत सिंह गोराया, ओमप्रकाश सलूजा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेश चौधरी, पूर्व महासचिव नाहर सिंह संधू, कांग्रेस नेता सुल्तान सोहलो, नसीब सिंह कारसा, अरूण पंजाबी, सुखराम बेदी, राज किरण सहगल, पंकज शर्मा, जोगिन्द्र चौहान, अनिल शर्मा सहित भारी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वर्गीय संतोष रानी की 76वीं वर्षगांठ को मनाया जाएगा मातृछाया दिवस के रुप में



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** स्व. मेहरचंद मेहंदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी में 2 जनवरी 2024 को स्वर्गीय संतोष रानी की 76वीं वर्षगांठ को मातृछाया दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 18वा रक्तदान शिविर व 13वा मेगा हेल्थ चेकअप केम्प लगाया जा रहा है। जाँच शिविर में दवाइयां भी डॉ पवन बंसल की टीम द्वारा निशुल्क वितरित की जाएंगी` इस केम्प का शुभारम्भ हरियाणा के राज्यमंत्री संदीप सिंह , विधायक सुभाष सुधा, जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत , डीएमसी पंकज कुमार, सीटीएम हरप्रीत कौर , सीएमओ सुखबीर सिंह के कर कमलो से होगा` इस अवसर पर 500 जरूरतमंद महिलाओ को राशन भी वितरित किया जाएगा । 76वी वर्षगांठ को ब्लिस, आशीर्वाद, समर्पण, प्राइवेट स्कूल व कई अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर मनाया जाएगा। स्वर्गीय मेहरचंद मेंहदीरत्ता चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी के अध्यक्ष एवं समाज सेवी पंकज अरोड़ा व उपाध्यक्ष राजेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि स्वर्गीय संतोष रानी की 76वीं वर्षगांठ पर कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. पवन बंसल बीएस हार्ट अस्पताल के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगा। इस शिविर में हृदय रोगों की जांच, कोलेस्ट्रॉल, ईसीजी व अन्य कई टेस्ट की जांच नि:शुल्क की जाएगी।

## एस्टिमेशन शिविर में शिक्षकों ने लिया भाग



**टीम एक्शन इंडिया/महेन्द्रगढ़**

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स हरियाणा द्वारा 26 से 30 दिसंबर तक ऋषिकेश (उतराखंड)में आयोजित मैपिंग एंड एस्टिमेशन शिविर में महेंद्रगढ़ के चार अध्यापकों ने भाग लिया। जिला सचिव रिशाल सिंह ने बताया कि जो टीचर्स मैपिंग और एस्टीमेशन का कोर्स करके आए हैं वो बच्चों को भी उन गतिविधियों को सिखाएंगे। इसके अलावा कैंप में रीवर राफ्टिंग वह अपने एडवेंचर गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। शिविर में सभी अध्यापकों को सेवा और प्रशिक्षण कार्यों के लिए प्रेरित करने के लिए उत्तराखंड के गवर्नर कई आर्मी अधिकारी एवं उच्च कोटि के संतो व साथियों में संबोधन दिया। निश्चित रूप से इस कैंप में लिए गए प्रशिक्षण से हमारे जिला के बच्चे मैपिंग और ऐस्टीमेशन की जानकारी से अवगत होंगे और किसी भी आपदा या पहाड़ जंगलों में दिशा भरण होने की स्थिति में कैसे मंजिल पर पहुंचे इस प्रकार की जानकारियां ले पाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कैंप से प्रशिक्षण प्राप्त करके आए अध्यापकों से कहा कि वह कैंप में सीखी गई जानकारियां ज्यादा से ज्यादा बच्चों को सिखाएं। कैंप में असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजेशन कमिश्नर कब विकास शर्मा, सतपाल लांबा, देवेंद्र कुमार एवं सतबीर सिंह ने भागीदारी की।

## श्रीराम के जयकारों से गूंजा बापौली खंड, हर गांव अक्षत कलश का हुआ भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** बापौली खण्ड के सभी गांव के राम भगतों ने मिलकर सनातन धर्म मंदिर बापौली मे सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। हवन के ब्रह्मा के रूप सतंराम जलमाना व यज्ञमान के रूप मे ओमबीर गोयला खण्ड संयोजक रहे। सभी ने हवन मे मिलकर आहूती दी। हवन के पश्चात श्रीराम मंदिर अयोध्या से आए हुई पूजित अक्षत को सभी ग्राम प्रमुखों को दिए गए। सभी राम भगत पूजित अक्षतों को बडी धूम-धाम से शोभा यात्रा के द्वारा अपने अपने गांव मे शोभा यात्रा के साथ मंदिरो मे लेकर गए। रोहित डिकाडला, जिला सह-सयोंजक हिन्दू जागरण मंच ने बताया कि 1 जनवरी से 15 जनवरी तक सभी राम भगत अपने अपने गांव मे हर घर तक पूजित अक्षतों, राम मंदिर चित्र व पत्रक को पहुचाने का काम करेगे। 22 जनवरी को हर गांव के मंदिरों मे दिप जलाकर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को धूम-धाम से मनाने का काम करेगे।

## कपड़े की दुकान में चोरी करने वाली चार महिलाएं गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने कपड़े की दुकान में चोरी करने वाली चार महिलाओं को पुराना औद्योगिक क्षेत्र में गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी महिलाओं ने 25 दिसम्बर की रात जाटल रोड पर पीपल वाली गली में स्थित कपड़े की दुकान से करीब 2.50लाख रुपए कीमत के कपड़े चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के कब्जे से चोरीशुदा 115 सूट 12 शॉल व 15 चुन्नी बरामद की।

**गली में कुड़ा बिनने के दौरान दुकान की रेकी कर रात को चोरी की वारदात को अंजाम दिया**

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी महिलाओं ने पुलिस को बताया की उन्होंने दिन के समय बाजार में कुड़ा बिनने के दौरान कपड़े की दुकान की रेकी की और रात को शटर उकसाकर दुकान में चोरी की। आरोपी चारों महिलाएं शनिवार को चोरीशुदा कपड़ें को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में थी। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि शनिवार को सीआईए टू पुलिस टीम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की पुराना औद्योगिक क्षेत्र में गोल चक्कर के पास संदिग्ध किस्म की चार महिलाएं सामान से भरा बोरा लेकर कही जाने की फिराक में खड़ी है। उनके पास बोरे में चोरी का सामान होने की संभावना हैं। पुलिस टीम ने महिला पुलिसकर्मी को टीम में शामिल कर तुरंत मौक के दबिश देकर चारों महिलाओं को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान नीलम पत्नी शेंटी, रुकसाना पत्नी रवि, बीना पत्नी ओमी व नीलम उर्फ खजूरी पत्नी रिंकू निवासी झुग्गी मच्छली मार्केट इंद्रा कॉलोनी पानीपत के रूप में बताई। पुलिस टीम ने बोरे को खुलवाकर देखा तो काफी संख्या में सूट व शॉल मिले। गहनता से पूछताछ करने पर चारों महिलाओं ने उक्त सूट व शॉल 25 दिसम्बर की रात जाटल रोड पर पीपल वाली गली में कपड़े की दुकान से चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना माडल टाउन में हिमांशु पुत्र अशोक निवासी राजीव कॉलोनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में आरोपी चारों महिलाओं ने बताया की वह शनिवार को चोरीशुदा उक्त सूटों को बेचने के लिए जा रही थी जो ऑटो के इंतजार में खड़ी थी।

पुलिस ने चोरीशुदा 115 सूट 12 शॉल व 15 चुन्नी आरोपी महिलाओं के कब्जे से बरामद कर पूछताछ के चारों आरोपी महिलाओं को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## पुराने वस्त्र जरूरतमंद लोगों को बांटे

**समाजसेवा**

**8 अग्रणी समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन ने अपने पुराने वस्त्र वितरण अभियान के बांटे कपड़े**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत सोनीपत** की अग्रणी समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन ने अपने पुराने वस्त्र वितरण अभियान के तहत आज रविवार दिनांक 31 दिसम्बर को नरेंद्र नगर सोनीपत में पुराने वस्त्र जरूरतमंद लोगों को बांटे, संस्था के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया की सेफ इंडिया ने लोगों से अपील कर रखी है कि वो अपने पुराने वस्त्र, जूते या अन्य सामान संस्था के पास जमा करा दे ताकि जरूरतमंद लोगों को यह दिया जा सके, सेफ इंडिया फाउंडेशन लगातार यह अभियान चलाये हुए है और अनेक समाजहित के कार्य संस्था द्वारा किये जा रहे है इस दौरान मनीष बंसल, दीपक सिंगला, महावीर शर्मा, अनिपाल लाकड़ा आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# असरकारी होंगी न्याय यात्रा और नागपुर रैली

**स्थापना के** 138 वर्ष पूरे करने के अवसर पर कांग्रेस द्वारा गुरुवार को नागपुर में आयोजित होने जा रही रैली और मणिपुर से 14 जनवरी, 2024 को प्रारम्भ हो रही राहुल गांधी की 'भारत न्याय यात्रा' पार्टी को तो मजबूती प्रदान करेगी ही, देश के लोकतंत्र को भी अपने पांवों पर फिर से खड़ा करेगी। कांग्रेस आज एक विशाल सभा करने जा रही है, तो राहुल की 30 मार्च को मुंबई में पूरी होने वाली दूसरी यात्रा उनकी सितम्बर, 2022 से प्रारम्भ (जो 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में समाप्त हुई थी) हुई 'भारत जोड़ो यात्रा' का सीक्वल कही जा सकती है।

दोनों का आयोजन ऐसे वक्त पर हो रहा है जब देश में लोकसभा चुनावों की पदचाप सुनाई देने लगे हैं। दो कार्यकाल पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार केन्द्रीय सत्ता पर काबिज होने की जुगत में है, तो वहीं कांग्रेस अपने दम और अन्य 27 दलों के सहयोग से उसे रोकने का संकल्प किये बैठी है। इस लिहाज से ये दोनों आयोजन कांग्रेस के लिये बहुत महत्वपूर्ण तो हैं ही, उसकी मजबूती इंडिया गठबन्धन को भी ताकत प्रदान करेगी जो उसके नेतृत्व में ही बना है। सभी विपक्षी पार्टियां उसकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रही हैं। कांग्रेस की छतरी तले ये दल कुछ ऐसा ही भरोसा करके आये हैं। अगर कांग्रेस शक्तिहीन होती है तो उसका संयुक्त प्रतिपक्ष का नेतृत्व करने का नैतिक बल जाता रहेगा। इसलिये उसे जहां एक ओर खुद को मजबूत करना होगा वहीं लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सभी को साथ लेकर संगठित तौर पर उतरना होगा। कांग्रेस अपने अस्तित्व को बचाये रखने का लक्ष्य भी इन दो आयोजनों से साध रही है।

पहले बात करें नागपुर की रैली की। इसी शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है जिसकी विचारधारा का विरोध कांग्रेस प्रारम्भ से ही करती आई है। यहां रैली का आयोजन करना एक तरह से संघ को चुनौती देना तो है ही, यहीं दीक्षाभूमि भी है जहां 14 अक्टूबर, 1956 को बाबासाहेब अंबेडकर ने 5 लाख लोगों के साथ बौद्ध धर्म का अंगीकार किया था। अंबेडकर संविधान के निमार्ता भी हैं। कांग्रेस की इस दौर की सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को भाजपा द्वारा क्षत-विक्षत होने से बचाने की भी है। इस तरह से देखें तो नागपुर में रैली करने का प्रतीकात्मक महत्व तो है ही, यह रैली उसकी विचारधारा के पुनर्घोष करने जैसा है। अगर यहां उसकी रैली सफल होती है तो उसके बारे में यह विश्वास कायम रहेगा कि वह भाजपा को टक्कर देने का हौसला और शक्ति रखती है। जहां तक राहुल की यात्रा-2 का सवाल है, तो उसकी महत्ता कई मायनों में है। उनकी पहली यात्रा का मकसद जहां नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान खोलना था, वहीं प्रस्तावित यात्रा के तीन उद्देश्य हैं। बुधवार की सुबह कांग्रेस के प्रचार प्रभारी जयराम रमेश ने पत्रकारों को बतलाया कि इसे इसलिये न्याय यात्रा का नाम दिया गया है क्योंकि इसके माध्यम से लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक न्याय की बात उठाई जायेगी। कुछ फासला पैदल चलते हुए और कुछ वाहनों के जरिये तय किया जायेगा। 14 राज्यों से होती हुई लगभग 6200 किलोमीटर की यह यात्रा तकरीबन 359 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा मतदाताओं से संवाद भी साधेगी। इसका असर लोगों पर पड़ना लाजिमी है।

# गठबंधन का भगवान ही मालिक है !

**अशोक भाटिया**

> पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान सपा और कांग्रेस में सीटों के लेकर जमकर बयानबाजी हुई थी। सपा और कांग्रेस ने एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे थे। कांग्रेस आलाकमान को हस्तक्षेप करना पड़ा था।राज्य की कुल 80 सीटों में से सपा कांग्रेस को 15 सीट छोड़ने का प्रस्ताव दिया है। पांच या छह सीटें राष्ट्रीय लोकदल, एक सीट भीम आर्मी को छोड़ने की बात कही है, जबकि सपा लगभग 58 सीटों पर खुद चुनाव लड़ना चाहती है। केंद्र की राजनीति में उत्तर प्रदेश पर पकड़ होना काफी अहम है। ऐसे में कोई भी पार्टी कम सीट पर राजी नहीं है। हाल में ही कांग्रेस संगठन ने फेरबदल में प्रियंका गांधी से उत्तर प्रदेश का प्रभार वापस लेकर यह संकेत दिया है कि प्रियंका गांधी अपनी बड़ी भूमिका में नजर आएंगी। ऐसे में देखना होगा कि सीट शेयरिंग में कांग्रेस कितना त्याग कर पाती है

**लोकसभा** चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन ने सीटों का फैसला अब तक नहीं किया है। इंडिया गठबंधन मैं सीटों का फैसला होना अभी बाकी है। सीटों के बंटवारे को लेकर सहयोगी दलों ने कांग्रेस पार्टी पर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है। इसी बीच कई राज्यों के कई क्षेत्रप नेता लगातार बयान बाजी करते जा रहे हैं। इस बयानबाजी को लेकर इंडिया अलायंस के बीच मतभेद भी देखने को मिल रहे है। बता दें कि सबसे पहले शुक्रवार को ही शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा था कि लोकसभा चुनावों में उनकी पार्टी 48 सीटों में से 23 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। संजय राउत के इस बयान के बाद इंडिया अलायंस और कांग्रेस पार्टी में हंगामा मच गया था। बता दें कि उन्होंने कहा था कि सीटों के बंटवारे के संबंध में कांग्रेस पार्टी के साथ उनकी बातचीत शून्य से शुरू होगी। इसके पीछे तर्क दिया गया था कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के पास कोई सीट नहीं है। इसके पहले पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन के घटक दलों में आपसी सहमति नहीं बन पाई थी । चाहे वह मध्य प्रदेश हो, छत्तीसगढ़ या फिर राजस्थान। सभी ने एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे और जमकर बयानबाजी की। परिणाम साफ है, हिंदी पट्टी के इन तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को पराजित कर सत्ता पर काबिज हो गई है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय के बाद आनन-फानन में इंडिया गठबंधन की दिल्ली में बैठक हुई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे की बातचीत को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। दिल्ली में हुई बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्य फोकस सीट-बंटवारे पर होनी चाहिए। 31 दिसंबर की समय सीमा तय की गई, लेकिन सीट बंटवारे पर घमासान के सिवा कोई फॉमूला या निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन की बैठक में संसद से 146 सांसदों के निलंबन के खिलाफ संयुक्त रूप से पूरे देश में प्रदर्शन का निर्णय किया गया था, लेकिन इंडिया गठबंधन का यह प्रदर्शन केवल दिल्ली तक ही सीमित रहा। हर राज्य में घटक दलों ने अपने तरीके से अलग-अलग प्रदर्शन किया। इंडिया गठबंधन के बैनर तले कोई भी प्रदर्शन नहीं हुआ। अब हर



राज्य में घटक दलों के बीच औपचारिक या अनौपचारिक रूप से सीट बंटवारे को लेकर बातचीत और दावे-प्रतिवादे शुरू हो गए, लेकिन देखा जा रहा है कि हर पार्टी की अपनी डफली और अपना राग चल रहा है। पश्चिम बंगाल में चाहे तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी हों या फिर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव या पंजाब में आम आदमी पार्टी या फिर महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट और एनसीपी हो या फिर बिहार के सीएम नीतीश कुमार या उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हों। सभी राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की बात कर रहे हैं, लेकिन अपने राज्यों में अपनी पकड़ या सहयोगी पार्टियों को कम से कम सीट छोड़ने को तैयार हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए बड़ी मुश्किल है कि कैसे अपने राज्यों में ताकतवर इन क्षेत्रपों को संतुष्ट करती है या कैसे सीटों को लेकर समझौता के अंतिम बिंदु तक पहुंचती है। इस सप्ताह सबसे बड़ी उथल पुथल बिहार की सियासत को लेकर हुई। बिहार की सियासत पर सभी की निगाहें टिकी हुई थी। राजद समर्थक माने जाने वाले ललन सिंह की जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से छुट्टी हो गई और नीतीश कुमार ने राज्य के साथ-साथ जदयू संगठन पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इसके साथ ही यह कयास तेज हो गए हैं कि क्या नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन में रहेंगे या फिर राजग की ओर से कदम बढ़ाएंगे? बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर सभी पार्टियों की नजर है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, जदयू और राजद सहित कुल छह पार्टियां शामिल हैं। कांग्रेस ने राज्य की कुल नौ सीटों पर दावेदारी की है, जबकि जदयू और राजग 16-16 सीटों की दावेदारी कर रही है। लेफ्ट भी सीटें मांग रही हैं। ऐसे में कांग्रेस को अपनी दावेदारी कम करनी होगी। नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कहा भी है कि बड़ी पार्टी को बड़ा दिल दिखाना होगा। इसी तरह से पश्चिम बंगाल में इंडिया के घटक दलों कांग्रेस, माकपा और तृणमूल कांग्रेस में घमासान मचा है। तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि टीएमसी 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ेगी, जबकि इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर मौजूद रहेगा। इसके मतलब साफ है कि टीएमसी का पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस या वाम मोर्चा के साथ सीट-बंटवारा नहीं होगा। ममता बनर्जी ने कांग्रेस को दो सीटें देने की पेशकश की है, जबकि माकपा के लिए एक भी सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, जबकि कांग्रेस सात सीटें मांग रही है। ममता बनर्जी के बयान के जवाब में अधीर चौधरी का भी बयान आ गया है कि ममता वास्तव में गठबंधन चाहती ही नहीं हैं। कांग्रेस अकेले लड़ती रही है और आगे भी उनकी लड़ाई जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल में, कांग्रेस ने 2019 का लोकसभा अकेले चुनाव लड़ा था। उस समय कांग्रेस नेताओं ने माकपा के साथ सीट साझा करने की मांग की थी, लेकिन कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया था। 42 सीटों में से कांग्रेस ने केवल 2 सीटें जीतीं जबकि टीएमसी ने 22 सीटें जीतीं थी और भाजपा ने पहली बार 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। अब तक के राजनीति बयानबाजी से साफ है कि बंगाल के सभी घटक दलों में समझौता होना असंभव तो नहीं लेकिन नामुमकिन है।

जैसा हम शुरूआत में बता चुके है कि कुछ यही हाल महाराष्ट्र का भी है। 2024 के लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र न केवल कांग्रेस के लिए बल्कि घटक दल शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और एनसीपी (शरद पवार गुट) के लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है। कांग्रेस महाराष्ट्र में अपना आधार मजबूत करने के लिए कई रणनीतियां बना रही है। कांग्रेस ने न्याय यात्रा 20 मार्च को मुंबई में समाप्त करने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने राज्य में ताकत दिखाने के लिए नागपुर में अपना 139 वां स्थापना दिवस मनाया और राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला, लेकिन इसके साथ ही उद्धव ठाकरे की शिव सेना ने महाराष्ट्र में 23 सीटों की मांग जारी है, लेकिन कांग्रेस ने मांग खारिज कर दी। इसे लेकर शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट, एनसीपी और कांग्रेस के नेताओं में जमकर बयानबाजी हो रही है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने संजय राउत को आज यह सलाह दे डाली कि वह कांग्रेस को नसीहत देना बंद करें और यदि हमला बोलना है, तो भाजपा पर बोले कांग्रेस पर नहीं। बता दें कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस एवं एनसीपी ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में राज्य की 48 सीटों में से कांग्रेस को 1 सीट और एनसीपी को 4 ही मिले थे। 2019 का चुनाव भी शिवसेना और भाजपा ने मिलकर लड़ा था। भाजपा ने 23 सीटें और शिवसेना ने 18 सीटें जीती थी।उत्तर प्रदेश का हाल अन्य राज्यों से अलग नहीं है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान सपा और कांग्रेस में सीटों के लेकर जमकर बयानबाजी हुई थी। सपा और कांग्रेस ने एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे थे। कांग्रेस आलाकमान को हस्तक्षेप करना पड़ा था।राज्य की कुल 80 सीटों में से सपा कांग्रेस को 15 सीट छोड़ने का प्रस्ताव दिया है। पांच या छह सीटें राष्ट्रीय लोकदल, एक सीट भीम आर्मी को छोड़ने की बात कही है, जबकि सपा लगभग 58 सीटों पर खुद चुनाव लड़ना चाहती है। केंद्र की राजनीति में उत्तर प्रदेश पर पकड़ होना काफी अहम है। ऐसे में कोई भी पार्टी कम सीट पर राजी नहीं है।

## कविता

**(साल ए नव मुबारक )**

सुख,नाम,तरक़्क़ी,खुशी ओर प्यार नया साल
ये नेअमतें सारी दे तुझे यार नया साल

हस्ती ये तुम्हारी करे गुलजार नया साल
हो तुम को मुबारक ऐ मेरे यार नया साल

आया है खुशा मरहबा सद मरहबा अब के
उन से कराता प्यार का इकरार नया साल

सदके में तुम्हारे ऐ मेरी जाने - मोहब्बत
खुशियों की किए देता है भरमार नया साल

मत पूछिए किस लुत्फ का माहौल उभरता
उन का भी करा देता जो दीदार नया साल

लाया है मेरी जात की तहरीक की खातिर
ख़्वाबों का सुकूँ यादों का आजार नया साल

ऐ यार अजब जिंदादिली पाई है इस में
लगता है मुझे तेरा परस्तार नया साल

देखो तो मेरी जीस्त का वह बन गए हिस्सा
क्या खूब लिए आया है उपहार नया साल

जकी तारिक

## आखिर कांग्रेस किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी !

**आशीष वशिष्ठ**

**कांग्रेस के पूर्व** अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा करने का ऐलान किया है। पार्टी के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने के बाद गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। राहुल गांधी 6200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान 14 राज्यों को कवर करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश की बंटवारे के फैसले से लेकर लंबे कालखंड तक तमाम अवसरों पर अन्याय किया है, वो आखिरकार किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी? 1947 में देश के बंटवारे को लेकर कितने किस्से हम और आप ने सुन रखे हैं, लेकिन जिन्होंने बंटवारें में अपना घर-बाहर और अपने को खोया है, वो सिर्फ एक ही बात कहते हैं कि नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की जिद ने बंटवारा करवाया। मेरे पूर्वजों ने भी बंटवारे का देश सहा है। हिन्दुस्तान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बंटवारे की पीड़ितों के साथ हर कदम पर अन्याय किया। रिफ्यूजी कैंपों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं थी। बंटवारा के बाद कई महीनों और वर्षों तक शरणार्थियों के निवास प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं बनें। शरणार्थियों को कोई विशेष दर्जा, आरक्षण या छूट सरकार ने नहीं दी। नतीजतन, शरणार्थियों की पूरी एक पीढ़ी शिक्षा, नौकरी और तमाम अन्य क्षेत्रों में पिछड़ गई। शरणार्थियों को बंटवारे से ज्यादा दर्द और तकलीफ नेहरू सरकार की बेरूखी, बेइंसाफी और बदइंतजामी ने दी। 31 अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख अंगरक्षकों ने की। इसके अगले दिन से ही दिल्ली और देश के दूसरे कुछ हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे। इन दंगों में सिखों के घरों, दुकानों को जलाया और लूटा गया और उनको मौत के घाट उतारा गया। दिल्ली और अन्य स्थानों पर हत्यारों और लूटेरों की भीड़ का नेतृत्व ज्यादातर कांग्रेस के नेता कर रहे थे। प्रेस एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार इन दंगों में दिल्ली में ही लगभग 2700 लोग मारे गए थे और देशभर में मरने वालों का संख्या 3,500 के करीब थी। 19 नवंबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और इंदिरा गांधी के उत्तराधिकारी उनके पुत्र राजीव गांधी ने दिल्ली बोट क्लब में इकट्ठा हुए लोगों के हुजूम के सामने कहा कि, ह्यजब इंदिरा जी की हत्या हुई थी, तो हमारे देश में कुछ दंगे-फसाद हुए थे. हमें मालूम है कि भारत की जनता को कितना क्रोध आया, कितना गुस्सा आया और कुछ दिन के लिए लोगों को लगा कि भारत हिल रहा है. जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती थोड़ी हिलती हैं। प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शब्दों में कोई जिक्र नहीं था उन हजारों सिखों का जो अनाथ और बेघर हो गए थे बल्कि ये वक्तव्य उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा था। दंगों के 21 साल बाद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसद में इसके लिए माफी मांगी और कहा कि जो कुछ भी हुआ, उससे उनका सिर शर्म से झुक जाता है।

## विचार

# 22 जनवरी को बजेगा भारत का आध्यात्मिक डंका

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश नए वर्ष 2024 की खुशियों में सारोबार होकर मना रहा हैहर देश में नववर्ष 2024 का जोरदार ढंग से स्वागत किया जा रहा है जहां मदिरा पान से लेकर डिजिटल डांस तक तो वही श्रद्धा सुमन सादगी से लेकर आध्यात्मिक भाव से झूम कर अपने-अपने आध्यात्मिक स्थलों पर नववर्ष 2024 का स्वागत करने में दुनियां मशगूल है, परंतु भारत में सबकी नजरें नववर्ष के प्राथमिक द्वारा यानें प्रथम माह की 22 जनवरी 2024 पर टिकी हुई है, जो प्रभु श्री राम के सैकड़ो वर्षों से टेंट विराजमान से विशाल पक्के आध्यात्मिक घर में विराजमान की अनमोल यादगारक्षण साक्षी बनेगा,जिसपर पूरी दुनियां की नजरें लगी हुई है, जिसकी तैयारियों में संतरी से लेकर मंत्री तक लगे हुए हैं, जिसे यादगार पल बनाने मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक हरस्तर की तैयारी का जायजा लेकर हजारों करोड रुपए की व्यवस्था कर कार्य किया जा रहा है जो सारी दुनियां ने दिनांक 30 दिसंबर 2023 को देखा कि माननीय पीएम, सीएम सहित अनेक महत्वपूर्ण व्यक्तित्वो ने तैयारी का जायजा व अयोध्या धाम जंक्शन को सुगम बनाने प्रयासों की झड़ी लगा दी है। चूंकि रामोत्सव 22 जनवरी 2024 नव वर्ष 2024 को बजेगा भारत में आध्यात्मिक डंका, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व को नए वर्ष 2024 का नायाब तोहफा प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024

साथियों बात अगर हम 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की करें तो, हिंदू धर्म में 22 जनवरी 2024 का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज किया जाएगा, क्योंकि इस दिन सालों बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य राम मंदिर में विराजित होंगे। श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम दौर में है। पूरी दुनियां इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनेगी।अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की रूपरेखा तय हो चुकी है। 15 जनवरी से 22 जनवरी तक कई अनुष्ठान होंगे। हर घर अयोध्या बनाने की तैयारी न्यास के द्वारा 22 जनवरी को राम उत्सव मनाने के लिए विभिन्न बैठकों में महिलाओं से लाल व पीले रंग के पारंपरिक परिधान पहनने, मेंहदी रचाने, घरों में रंगोली सजाने, पूरे दिन भजन कीर्तन करने सहित शाम को दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथियों बात अगर हम पूरे विश्व में मूल भारतीयों द्वारा 22 जनवरी 2024 को रामोत्सव मनाने की करें तो, वैश्विक स्तरपर दुनियां के कोने-कोने में बसे मूल भारतीयों की अपने वतन भारत के प्रति आध्यात्मिक आस्था उनके रग रग में समाई है, यही कारण है कि हजारों किलोमीटर सात समंदर पार अपने वतन से दूर रहने के बावजूद वहां अपने देश में विभिन्न भगवानों का मंदिर बनाकर नित्य नियम पूजा पाठ करते हैं, जिसका सटीक उदाहरण हम ब्रिटेन के पीएम द्वारा हिंदू त्योहार मनाने मंदिर जाने और जी-20 के समय भारत आने पर अक्षरधाम मंदिर का दौरा करना इस आस्था की पुष्टि करता है। भारत में दिनांक 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्रभु श्री राम मंदिर की संभावित प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन की घोषणा के उपरांत अमेरिका सहित पूरी दुनियां में मूल भारतीयों द्वारा वहां स्थित मंदिरों में तैयारियां शुरू की गई है। अमेरिका के शिकागो के एक समुदाय नेता ने प्रेस में बताया कि, यह सपने सच होने जैसा है। वीएचपी ऑफ अमेरिका इन समारोहों में शामिल होने, हजार से अधिक मंदिरों और व्यक्तियों की भागीदारी की सुविधा के लिए वेबसाइट भी लॉन्च कर दी है। यह जानकारी अमेरिका के डॉक्टर साहब ने दी जो 22 जनवरी 2024 के मंदिर उद्घाटन समारोह में अमेरिकी अतिथियों में से एक है।

चूंकि मंदिर उद्घाटन की तिथि घोषित की गई है, श्रद्धालियों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है और वीवीआईपी आमंत्रण में माननीय प्रधानमंत्री राष्ट्रपति से लेकर तमाम नेता शामिल होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका सहित पूरी दुनियां में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन धार्मिक रैलीयां दीप वंदन सहित अनेक कार्यक्रम कर देश खुशी मनाएगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नए संकल्पों वाले वर्ष की शुरूआत

**प्रेम शर्मा**

**बड़ी उप**लब्धियों की यादे देकर बिदा हुए 2023 के साथ ही एक नववर्ष की सुबह हमें एक बार फिर नई उपलब्धियों को हासिल करने तथा देश के विकास के साथ अभाव में पलने वाले अंतिम पायदान तक सुख सुविधाएं पहुचाने का संकल्प जरूरी होगा। आर्थिक और वैश्विक स्तर पर लगातार उपलब्धि दर्ज कराने वाले भारत के समझ वर्तमान में बेरोजगारी और महंगाई बड़ी चुनौती है। ऐसा नही कि इन दो समस्याओं से केवल भारत ही पीडित है। इसके बावजूद अगर संसाधनों का समुचित इस्तेमाल किया जाए तो निश्चित तौर पर इन समस्याओं से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

सरकार के साथ साथ अब जनता को भी इन समस्याओं पर विचार करना होगा। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो कार्यकाल में काफी उपलब्धि दर्ज कराई गई है। कई अपवाद भी समाने आए है। इसके बावजूद वर्ष बीतते तक पूरे देश में 2024 में एक बार पुनः प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की वापसी तय मानी जा रही है। बीते वर्ष में आर्थिक उपलब्धियों और नये राजनीतिक समीकरणों से जुड़ी हैं। साल के अंत में हुए विधानसभा चुनावों, महिला सशक्तीकरण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, नए संसद भवन के उद्घाटन, हर क्षेत्र में स्वदेशी की शक्ति और संसदीय-राजनीति, सुप्रीम कोर्ट के कुछ बड़े फैसलों, चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं।। राजनीति से लेकर सामाजिक, आर्थिक से लेकर खेल तक, सुरक्षा से लेकर सौहार्द तक अनेक सकारात्मक दृष्टिकोण ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास को बल दिया है। एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने ह्यसौ से अधिक पदकह्व प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ा। वैश्विक उठा पटक और दो देशों के बीच जारी जंग से उपजी वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच देश की जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है, जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 620 अरब डॉलर हो गया है। आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के पथ पर हमने युद्धपोत और हल्के लड़ाकू विमान से लेकर घातक ड्रोन तक बनाया है।

## ऐ जाते हुए लमहे...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सर्द दिनों में** सर्द की रातें और सर्द का दिन बदन को तार-तार कर देता है। इस सर्दी के मारे सूर्य मुँह छिपाए फिरता-रहता है। इसी में वह स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। चारों दिशाओं से सर्द हवाएँ शत्रु देश के हमले से कम नहीं होतीं। जहाँ देखो वहाँ कोहरा ही कोहरा। पता ही नहीं चलता कि इस दुनिया में हमारे सिवाय कोई है भी या नहीं। आजकल टूटते-बिखरते-धुँधलाते रिश्तों के बीच कोहरा हमारी वास्तविकता को आईना दिखाता है। चलिए, इसी बहाने हम से हमारा परिचय हो जाता है। चारपाई पर लंबी ताने रजाई ओढ़कर सोने का सुख किसी स्वर्ग से कम नहीं है। कहते हैं सर्दियों में रंग-रंग के सपने आते हैं। लड़का है तो राजकुमारी और लड़की है तो उसके सपनों का राजकुमार उसे झट मिलने आ जाता है। सर्दियों में हर कोई एक-दूसरे को धोखा देने की ताक में खड़ा रहता है। हमारे पंचतत्व जैसे हवा अपनी गति भूलकर ठोस बन जाती है, आसमान के नाम पर चारों ओर एक घना परदा छाया रहता है।

आग भी अपने स्वभाव को बचाने के लिए कोहरे से जद्दोजहद करती है। पानी का हाल तो पूछिए ही मत। वह अपने हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच सारे रासायनिक समीकरण भूलकर दल-बदलू राजनेताओं के समान मौसम के साथ समझौता कर उसी की तूती बोलने लगता है। जहाँ तक धरती की बात है तो भाई शुक्र मनाइए कि वह हमें रहने-ठहरने की जगह भर दे देती है, वरना रंग बदलने वाले गिरगिट जैसे इंसानों को यह सब भी कहाँ नसीब होता है। अब तक आप समझ रहे हैं होंगे कि मैं कहाँ का सर्द पुराण खोल बैठा। सच तो यह है कि देश की सारी सच्चाई इसी सर्दी में छिपी हुई है। यह मौसम न केवल वर्षा और गर्मी का मिलन करवाता है बल्कि झूठ और सच के बीच में छिपे मिथ्या का भी पदार्फाश करता है। वर्षा की बाढ़ और गर्मी के अकाल से बेहाल लोगों को ह्यअच्छे दिनह्व की आस संजोए रजाइयों में सोने का अवसर देता है। लेकिन इसी सर्द मौसम में छिपी हैं कई ऐसी बातें, जो हमें झकझोर कर रख देती हैं। यह बात है उस बूढ़े बाबा की जो देश के हर कोने में नकारों की तरह दिखाई पड़ जाते हैं।

# स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में आन्नदायक फन फेयर एंड फेयर फिएस्टा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** **स्वर्णप्रस्थ पब्लिक** स्कूल में आन्नदायक फन फेयर एंड फेयर फिएस्टा कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को मौज मस्ती और खेलों में आन्नद दिलाना था। कार्यक्रम में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता गीता फौगाट ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल के निदेशक अनमोल केडिया, प्रधानाचार्य रोहित पांडा व अन्य ने पहलवान गीता फौगाट का बूके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा स्वागत गीत के अलावा अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम



की अभिभावकों ने सराहना की। छात्रों को संबोधित करते गीता फौगाट ने कहा कि स्वर्णप्रस्था स्कूल में जिस तरह की खेलो की सुविधा है ऐसी सुविधा जब हम नेशनल स्तर पर सीनियर लेवल में गए तो वहा हमें देखने को मिली थी। वे बच्चे बड़े खुशनसीब है कि इतनी खेलो की सुविधा आपकों स्कूल में खेलने को मिल रही है। बाक्सिंग का रिंग, इंडोर स्टेडियम, फूटबाल मैदान आदि इतनी सुविधा एक ही जगह पर मिल रही है। पहलवान गीता फौगाट ने

**फिएस्टा**

**8 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता गीता फौगाट ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की**

अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलो में भी जरूर हिस्सा दिलाए। खेलो से शारीरिक विकास के मानसिक विकास भी होता है। माता पिता बच्चे को जो मार्ग दिखाते है ऐसा कोई मार्ग नही जो बच्चा मुकाम को हासिल नही कर सकता। छात्रों को अपने माता- पिता व गुरू की बातों को मानते हुए उनका सम्मान करना चाहिए। प्रिंसिपल रोहित पांडा ने इस अवसर की शोभा बढ़ाने और स्कूल समुदाय को प्रेरित करने के लिए गीता फोगाट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन समिति, शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को उनके समर्थन और उत्साही भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। आकर्षक गतिविधियों व व्यंजनों का आन्नद लिया अभिभावकों ने स्वर्णप्रस्थ स्कूल में फन फेयर एंड फेयर फिएस्टा कार्यक्रम में सभी के लिए आकर्षक गतिविधियों और आकर्षणों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। स्कूल के मैदान में रंग-बिरंगे स्टॉल सजे हुए थे।

# मोदी और मनोहर की गारंटी पर लोगों को विश्वास : कवंलजीत कौर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही केंद्र और प्रदेश की सरकार से अंतिम पंक्ति में बैठा जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की कल्याणकारी स्कीमों से अत्याधिक लाभान्वित हो रहा है । ग्रामीण क्षेत्रों में पहले की अपेक्षा भाजपा की सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग संतुष्ट है इसलिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के तेजस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जनता बेहद पसन्द करती है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से



विदेशी सरकारें भारत की नीतियों से अत्यधिक प्रभावित है और हिंदुस्तान का चारों तरफ बोलबाला है ।

हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कुशल कार्यशैली जनता के दिलों पर अमिट छाप छोड़ रही हैं ।चेयरपर्सन कवंलजीत कौर ने कहा कि जिला परिषद कुरुक्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास करने में निरंतर हर संभव प्रयास कर रही है ताकि लोगों को बेहतरीन शिक्षा, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, सभी मूलभूत सुविधाएं, गरीब एवं असहाय लोगों को भरपूर मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में जनता पहली सरकारों की अपेक्षा आज मनोहर सरकार की लाभकारी नीतियों का बखान करते नहीं थकती। चेयरपर्सन कवंलजीत कौर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुजुर्गों को जनवरी 2024 से बुढ़ापा पेंशन3000 देने की घोषणा की है जो की काबिले तारीफ है ।

## न्यूज फ्लैश

### घर से लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकान से लैपटॉप सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नजदीक सब्जी मंडी निवासी हितेंद्र ने बताया कि गत 28 दिसंबर को करीब 11.30 बजे उसका लड़का अपने लैपटॉप, उसका चार्जर, हाथ की घड़ी, पावर बैंक, वीआरडीएस माउस, लैपटॉप स्टैंड, स्पीकर सामान रखा था। सुबह उठकर गली में अपने दरवाजे के पास ही घुम रहा था। उसी दौरान घर से कोई सामान चोरी करके ले गए। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### इक्को चालक से लिफ्ट लेकर बीयर पिलाकर राशि,मोबाइल सहित गाड़ी लेकर हुआ फरार

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र के ककरोई चौक से गांव ककरोई जाने के लिए एक युवक ने इको चालक से लिफ्ट ली और बाद में बीयर पीने पर चालक को नशा हुआ तो वह गाड़ी, नकदी व मोबाइल लेकर भाग गया। पीड़ित को होश आया तो खुद को खरखौदा में पाया। वह रात भर एक चाय की दुकान पर रुके और सुबह परिजनों को अवगत कराया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव भदाना निवासी राजेश ने बताया कि वह 28 दिसंबर की रात को आठ बजे इको गाड़ी में सवार होकर घर जा रहे थे। इसी दौरान ककरोई चौक के पास से एक युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी। उसने कहा कि उसे ककरोई जाना है। उसने युवक को लिफ्ट दे दी। कुछ देर बाद उसने युवक को गाड़ी चलाने के लिए दे दी। वह ककरोई शराब ठेके के पास पहुंचे तो उन्होंने बीयर ले ली। राजेश ने बताया कि बीयर पीने से उन्हें नशा हो गया।

# सीईटी परीक्षा को लेकर अभ्यार्थियों के लिए रोडवेज विभाग की तरफ से फ्री होगा सफर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत: सीईटी** परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को राहत देते हुए रोडवेज विभाग ने निशुल्क सफर की छूट दी है। इसके लिए अभ्यर्थियों को केवल अपना रोल नंबर परिचालक को दिखाना होगा। हालांकि रोडवेज ने परीक्षा को लेकर कोई निशुल्क बस नहीं चलाई है। रूट पर जाने वाली सभी बसों में अभ्यर्थियों में निशुल्क सफर की सुविधा मिलेगी। बता दें कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से ग्रुप सी के लिए सीईटी की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा को लेकर करनाल व कुरुक्षेत्र में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सीईटी परीक्षा 30 दिसंबर के बाद 31 दिसंबर को भी आयोजित की जाएगी। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए रोडवेज बसें में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है।

**परिचालकों को दिए गए निर्देश, न वसूले किराया-** रोडवेज विभाग की तरफ से सभी जिला महाप्रबंधक को पत्र जारी किए हैं। जिसमें करनाल व कुरुक्षेत्र जाने वाली सभी बसों के चालक-परिचालकों को निर्देश जारी किए हैं कि वह अभ्यर्थियों से किराया न वसूले। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि किस बस में कितने अभ्यर्थियों ने सफर किया है।

# राजबीर घिसरपड़ी बने सर्वसम्मति से खंड बाबैन के प्रधान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बाबैन का चुनाव राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन में संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में सुखदेव,सुखविंदर व विनोद मालडा ने कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की। सबसे पहले वर्तमान प्रधान अशोक के द्वारा अपनी कार्यकारिणी की ओर से सभी साथियों का धन्यवाद किया और पुरानी कार्यकारिणी का त्यागपत्र देते हुए उसको भंग करने की घोषणा की। उसके बाद पर्यवेक्षकों के द्वारा सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। सबसे पहले प्रधान पद के लिए सदन ने सहमति से राजबीर घिसरपड़ी को



प्रधान बनाया। उप प्रधान ललित नैन, वरिष्ठ उपप्रधान राकेश रुड़की ,महासचिव मनीष गुप्ता ,कोषाध्यक्ष सोहन लाल सैनी ,ऑडिटर सुरेश कुमार इसरहेडी , सहसचिव पवन सैनी हामिदपुर, संरक्षक सुषमा कालवा, संयोजक रीटा बरगट,सलाहकार के तौर पर देवदत्त, प्रेस सचिव संदीप चौहान, संगठन सचिव अशोक सुनारिया आदि को नई कार्यकारिणी के रूप में सर्वसम्मति से जिम्मेदारी दी गई।। यह जानकारी देते हुए प्रधान राजेंद्र टंडन ने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्राथमिक शिक्षकों की समस्याएँ प्रत्येक मंच पर उठाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संगठन के साथ जुड़कर अपनी माँगों को बल दें। पूर्व प्रधान अशोक ने नव कार्यकारिणी को बधाई दी।

# शांति शिक्षा सदन विद्यालय में विज्ञान क्विज का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय में विज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक स्तर का मूल्यांकन किया गया। स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि क्योंकि बच्चे भारत का उज्जवल भविष्य है और उनकी वैज्ञानिक सोच से भारत विश्व गुरु बनेगा और बच्चे भावी वैज्ञानिक बनेंगे। प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया और प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

# ओपन ग्रेपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/गन्नौर**
**ऋषिकुल इंटर**नेशनल स्कूल सोनीपत के ऑडिटोरियम में 28 से 31 दिसंबर तक आयोजित चौथी इंडियन ओपन ग्रेपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया। इसमें देशभर के करीब 20 राज्यों से 450 के आसपास प्रतिभागियों ने शिरकत की। प्रतियोगिता की अध्यक्षता जीएफआई के अध्यक्ष जेसीपी ओपी नरवाल ने की, जबकि सुनील चतुर्वेदी ने संचालन किया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन बेहद रोचक मुकाबले खेले गए। जीत के लिए खिलाड़ी




के दांव देख दर्शकों ने तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया। 73 केजी (महिला) में लाहार यादव मध्यप्रदेश, 61 केजी में (पुरुष) रवि कुमार हरियाणा, 34 केजी में भारत यादव हरियाणा, 43 केजी में राजवीर मध्यप्रदेश, 49 केजी में तन्मय शर्मा उत्तराखंड ने बाजी मारी। समापन पर बतौर चीफ गेस्ट मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवक देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों का हाथ मिलवा कर खेल का शुभारंभ कराया और विजेताओं को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री कविता जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा व पूर्व खेल जिलाधिकारी श्रीपाल पहुंचे। इससे पहले आयोजकों ने अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता में कई राज्यों से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। इस तरह की प्रतियोगिताओं से स्थानीय कुश्ती और खिलाड़ियों को न सिर्फ सीखने को काफी कुछ मिलता है, बल्कि उनका उत्साह और मनोबल भी बढ़ता है। बड़ी प्रतियोगिताओं के होने से युवाओं का खेल की तरफ रुझान भी बढ़ता है और खेल के क्षेत्र में दिशा भी मिलती है। मुख्यातिथि कादियान ने कहा कि जल्द ही ग्रेपलिंग खेल को पुलिस खेलों, खेल मंत्रालय में शामिल कराने हेतु राज्य के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जाएगा। पूर्व मंत्री कविता जैन, जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा व श्रीपाल ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। जीएफआई के अध्यक्ष ओपी नरवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी से चलाएं वाहन

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने आमजन से अपील की है कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दृष्टिगत वाहन चलाते समय सडक सुरक्षा नियमों की पालना करें। उन्होंने कहा कि कोहरे के मौसम में विजिब्लिटी कम हो जाती है जिससे सडक पर हर समय हादसा होने का अंदेशा रहता है। साथ ही साथ वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल बिलकुल ना करें। उन्होंने आमजन को धुंध के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि इस दौरान अति आवश्यक हो तो ही यात्रा करें तथा ड्राइविंग से पहले मौसम के पूवार्नुमान की निगरानी करने के बाद ही गंतव्य के लिए प्रस्थान करें। उपायुक्त ने कहा कि घने कोहरे में वाहन चलाते हुए सावधानी बरतने से स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रख सकेंगे। उन्होने कहा कि जितना अधिक लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन चलाएंगे, उतना ही सफर सुगम और सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को आगे जाने वाले वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए और फॉग लाइट्स व इंडीकेटर्स को लगातार ऑन रखना चाहिए। इसके साथ-साथ लो-बीम पर हेड-लाइट्स के साथ ड्राइव करें क्योंकि हाई-बीम कोहरे में बैक रिफ्लेक्ट कर विजिब्लिटी को बाधित करती है। धुंध के दौरान लेन बदलने व ट्रैफिक क्रॉस करने से बचें। उन्होंने कहा कि विजिब्लिटी बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सडक पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे वाहनों की गति सीमा नियंत्रित रखे व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें।

# 'नव वर्ष 2024 में जिला को अपराध मुक्त बनाना ही रहेगा मुख्य लक्ष्य'

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
नव वर्ष 2024 में जिला कुरुक्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना ही जिला पुलिस का मुख्य लक्ष्य रहेगा। जिला वासियो को नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेंद्र सिंह भोरिया ने आमजन से अपील की है कि जिला को अपराध मुक्त बनाने में पुलिस प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग दें। जिला को नशा मुक्त और अपराध मुक्त बनाने के लिये आमजन का सहयोग जरुरी है। पुलिस प्रवक्ता



ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने जिला के सभी पर्यवेक्षक अधिकारी, थाना प्रबन्धक, चौकी इंचार्ज, अपराध यूनिटस प्रभारियो को नव वर्ष में कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक ने जिला का कार्यभार सम्भालते ही जिला को नशा और अपराध मुक्त बनाने का वाद किया था। जिला पुलिस द्वारा इस बारे व्यापक कदम उठाये जा रहे हैं। नशे को लेकर समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही है। नशे के कारोबार मे सलिंप्त आरोपियो की सम्पति को अटैच करवाया जा रहा है। इसके साथ-साथ युवाओ को नशे की दलदल से बाहर निकालकर उनको समाज की मुख्य धारा मे जोडा जा रहा है।

# 'मशरूम अनुसंधान केंद्र किसानों को उपलब्ध करवा रहा नवीनतम जानकारियां'

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक मोहनलाल बडौली

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** **महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल सोनीपत में मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन से सम्बधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक ने कहा कि किसान परंपरागत खेती को छोडक़र मशरूम, फल व सब्जी व अन्य खेती करके ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। विधायक बडौली ने



कहा कि जिस उदेश्य से एमएचयू को स्थापित किया है, उसमें कारगर साबित हो रहा हैं। केंद्र निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि किसान सालभर में मशरूम की खेती किस प्रकार करें ताकि उन्हें मौसम में बदलाव के दौरान मशरूम की खेती करने में कोई परेशानी सामने न आए। केन्द्र निदेशक ने बताया कि केंद्र सालभर ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाता रहता है। हर साल हजारों प्रतिभागी यहां से ट्रेनिंग लेकर जाते है ओर आज वे सफल उद्यमी बन चुके हैं।

**ट्रेनिंग**

**8 हर साल हजारों प्रतिभागी यहां से ट्रेनिंग लेकर जाते है ओर आज वे सफल उद्यमी बन चुके हैं**

# पंजाब से पानी पाकिस्तान जा रहा है लेकिन हरियाणा को क्यों नही : जयहिंद

## 2 जनवरी महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे से एसवाईएल पानी की धर्मयुद्ध यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयहिंद सेना** प्रमुख नवीन जयहिंद ने टैंट(तंबू) से प्रेसवार्ता कर सभी देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दी साथ ही घोषणा की के 2 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे से जयहिन्द अपने चार साथियो के साथ र छ धर्मयुद्ध यात्रा की शुरूआत करके सुप्रीम कोर्ट के सामने तक जाएंगे और सुप्रीम कोर्ट को नए साल पर गाय व भैंस का देसी घी नए साल पर गिफ्ट करके आएंगे। साथ ही माननीय कोर्ट से अपील करेंगे कि वे र छ नहर पर कोर्ट के निर्णय को लागू करवाया जाए। जयहिन्द ने 7027-822-



822 नंबर जारी करते हुए बताया कि जो भी साथी यात्रा से जुड़ना चाहता है वह वह इस नंबर पर मिस्ड कॉल करे, उनका यात्रा में स्वागत है। जयहिन्द ने घोषणा करते हुए कहा कि हम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान को 1-1 लाख रुपये का ईनाम देंगे अगर वे यह बयान दे कि र छ नहर का निर्माण व सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू होगा। और उनकी पार्टी के जो छोटे नेता है अगर वे कहते है तो उनके लिए 11 हजार का ईनाम। वीरवार को एसवाईएल के पानी को लेकर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों व कैबिनेट मंत्री की मीटिंग हुई थी। जिसमे भगवंत मान जी ने साफ इंकार कर दिया कि उनके पास हरियाणा को पानी देने के लिए पानी नही है। जबकि गौर करने योग्य बात यह है कि पंजाब से पाकिस्तान पानी जा रहा है तो हरियाणा क्यों नही आ रहा? जबकि हरियाणा पंजाब का छोटा भाई कहा जाता है। साथ ही जयहिन्द ने कहा कि पंजाब की जनता तो चाहती है कि हरियाणा को पानी मिले लेकिन पंजाब की राजनीतिक पार्टियां व राजनेता नही चाहते कि हरियाणा को पानी मिले।

जयहिन्द का कहना है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर साहब को हरियाणा वासियो के लिए एसवाईएल नहर पर सुनवाई के समय सुप्रीम कोर्ट में खड़े रहना चाहिए। ताकि निर्णय जल्द लागू हो सके। अब यह राजनीतिक लड़ाई नही बल्कि न्यायिक लड़ाई है। और जो नेता या अभिनेता हरियाणा के हक में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करवाने की आवाज नही उठा रहा।

# डीआईटीएम कालेज में नव वर्ष पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**8 इसी खुशी में डीआईटीएम कालेज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
नया साल हम सबके लिए नए नई संभावनाएं और नई उम्मीदे लेकर आता है। इसी खुशी में डीआईटीएम कालेज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के चेयरमैन संजीव कुमार



जैन ने सभी छात्रों को बधाई दी। कॉलेज के डायरेक्टर जनरल नीरज कुमार ने सभी स्टाफ मेंबर्स को मोटीवेट किया और आने वाले साल क लिए नए प्लान बताए। उन्होंने कहा की कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। सभी स्टाफ मेंबर्स ने नए साल के उपलक्ष में गेम्स में भी पार्टिसिपेट किया। इस मौके पर नेहा, नीलम, साक्षी, पूनम, निशा, अमन, महिवाल, आर पी भरद्वाज, कमल, सुमित आदि प्रोफेसर मौजूद थे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 01 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP


चौ0 कमाल हुसैन
दैनिक एक्शन इंडिया
ब्यूरो चीफ पानीपत
मो0 9813507693

मैं सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष 2024, मकर संक्रांति व लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ नववर्ष 2024 के शुभ अवसर पर पानीपत से दैनिक एक्शन इंडिया विशेषांक निकालने में सहयोग देने के लिए सभी विज्ञापन दाताओं व पाठकों का दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त करता हूँ आशा है कि भविष्य में भी इस प्रकार आपका प्यार व सहयोग मिलता रहेगा।











































राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 01 पृष्ठः 08+04

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड












# कलश यात्रा के साथ भागवत ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन भी कलश यात्रा में हुई शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सेक्टर-15 की** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शिव कामेश्वर वाले मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। सुबह शिव कामेश्वर मंदिर से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मार्केट से होकर एल.आई.सी ऑफिस से होते हुए वापिस कथा स्थल शिव कामेश्वर मंदिर में पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई । इस अवसर पर कथावाचक परम् श्रद्धेय श्री बाल व्यास जी महाराज वृन्दावन से पहुंचे। इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है।



हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। दोपहर में संगीतमय कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक परम् श्रद्धेय श्री बाल व्यास जी महाराज ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उनहोंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के आयोजक मनोज सिंघल ने बताया कि शिव कामेश्वर मंदिर में 31 दिसंबर से 8 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रभु इच्छा तक संगीतमय कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को सुबह 9.00 बजे हवन यज्ञ के समापन पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर अनिल सिंघल, राजेश कौशिक, ओजस, सोजल, ध्रुव, जितेंद्र कौशिक, अजय,इंदू ,निशु, सुदेश कौशिक, ललिता, रेनू बाला, हर्षिता आदि देवांशी भक्त एवं सैंकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

**संगीतमय**

**8 श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव: पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन**

# रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा ने युवा महोत्सव में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

## *प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने दी शिक्षका शुचिस्मिता चक्रवती व छात्रा माही जैन को बधाई*



**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा माही जैन ने पंचकुला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में अंग्रेजी कहानी लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने स्कूल का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने आशा जताई कि दोनों आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करती रहेंगी। छात्रा माही जैन ने कहा कि प्रधानाचार्य के निरंतर सहयोग और शिक्षिका शुचिस्मिता की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि आज उसने यह मुकाम हासिल किया है। वहीं, शिक्षका शुचिस्मिता चक्रवर्ती ने कहा कि माही में नैसर्गिक प्रतिभा है। उसे बस एक सही मार्गदर्शन देने की जरूरत थी। उन्होंने माही को इस काबिल बनाने के लिए उसके अभिभावकों की भी जमकर प्रशंसा की। इससे पहले भी माही जैन ने सोनीपत के मुरथल में हरियाणा युवा महोत्सव आयोजित किया गया था जिसमें माही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। युवा महोत्सव में स्कूल की सीनियर विंग की को-आर्डिनेटर और अंग्रेजी विभाग की प्रमुख शुचिस्मिता चक्रवर्ती के निर्देशन में माही जैन ने यह सफलता अर्जित की है। राज्य स्तरीय इस महोत्सव में हरियाणा के 22 जिलों के बच्चों ने भाग लिया था। इसमें बच्चों को एक दिन पहले ही विषय दिया गया था। इन विषयों में प्रमुख थे - बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मोटा अनाज, जी20, रक्तदान महादान, विकासशील हरियाणा प्रतियोगिता में कई बच्चों ने हिंदी में अपने विचार रखे, लेकिन माही ने अपनी कहानी की भाषा के रूप में अंग्रेजी को चुना और ऐसी दमदार प्रस्तुति दी की सभी दंग रह गए। माही और उनकी शिक्षिका शुचिस्मिता ने मोटा अनाज और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कहानी की संकल्पना का निर्णय लिया और दोनों की कड़ी मेहनत और सूझबूझ का ही परिणाम रहा कि माही ने पूरे राह्लय में दूसरा स्थान हासिल किया। महोत्सव के पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री ने शिक्षका शुचिस्मिता और छात्रा माही की प्रतिभा की उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा की और उनको ऐसे बेहतर प्रयास के लिए बधाई दी।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा में न्याय सहिंता बिल का रोडवेज कर्मचारी यूनियन एटक ने किया विरोध

**सोनीपत:** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा सम्बंधित एटक के राज्य प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल, राज्य महासचिव जयबीर घणघस व डिपो प्रधान मनजीत पहल सचिव अनिल बडोली ने बैठक का आयोजन किया है। जिसमें उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय सहिंता बिल पारित किया गया है। इस बिल का यूनियन चालक हित मे विरोध करती है। क्योंकि इस बिल के लागू होने से देशभर का चालक बर्बाद हो जाएगा। क्योकि इस बिल में यह प्रावधान किया है कि वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल तक इलाज के लिए पहुंचाना होगा। अगर वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को हस्पताल तक नही पहुंचाया तो वाहन चालक को 10 साल की सजा व दस लाख रुपये जुमार्ना होगा। देश भर के चालक इस बिल का विरोध कर रहे है। क्योंकि इस बिल के लागू होने से चालको पर दोहरी मार पड़ेगी। अगर चालक घायल व्यक्ति को मानवता के तौर पर हस्तपाल में ले जाने की हिम्मत भी करता है तो उसको डर होता हैं कि वहां मौजूद आक्रोशित जनता उसे जान न मार दे। अगर वाहन चालक मौके से भाग कर किसी प्रकार से अपनी जान बचाता है तो उसे अब नया कानून के तहत 10 साल की सजा व 10 लाख जुमार्ना मार देगा। इस बिल में सजा व जुमार्ना के डर से चालक मजबूरी में चालक की नौकरी छोड़ने पर मजबूर होंगे। वाहन संचालको को भी बहुत नुकसान होगा। यूनियन मांग करतीं है इस बिल को तुरंत वापिस लिया जाए। अन्यथा यूनियन इस बिल के विरोध में आंदोलन चलाएगी।

कहासुनी की रंजिश के चलते मारपीट करने व धमकी देने का आरोप

### पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के गांव जाखौली में कहासुनी की रंजिश के चलते मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाखौली निवासी टींकू ने बताया कि उसकी ससुराल से रिश्तेदार आए हुए थे। उसी समय उसके चाचा के लड़के प्रवीन व साहिल ने उसके भाई के साथ दिन में हुई कहासुनी को लेकर बात करने के लिए गली में बुलाया। दोनों भाई गली में आ गए। उसी समय साहिल ने डंडे से सिर व कमर में मारकर घायल कर दिया। उसके भाई राहुल को पीट-पीटकर घायल कर दिया। उसकी मां कमलेश बीच-बचाव करने के लिए आया। प्रवीन व साहिल ने उसकी मां को धक्का मारकर गिरा दिया। भीड़ इक्ट्ठी होती देख हमलावर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रीतम सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित जांच में शामिल

**सोनीपत: सेकटर-27** शहर सोनीपत पुलिस ने गोली मारकर घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को जांच में शामिल किया है। आरोपित जितेंद्र राठी उर्फ जीता निवासी पुरखास हाल में जीवन विहार का है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय के आदेश में बेल पर छोड़ दिया। शिव कॉलोनी निवासी निशांत ने गत 1 सिंतबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने दोस्त की स्कूटी पर आटा मिल में जा रहा था। उसी दौरान स्कूटी सवार दो युवकों के साथ कहासुनी हो गई। उसके बाद वह ऑटा मिल पर चले गए। दो गाड़ियों में 7-8 लड़के वहां पर पहुंचे। जहां एक ने जान से मारने की नीयत से गोली मारी। उसके ताऊ का लड़का आया, तो उस पर भी गोली चला दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी दिलबाग सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को जांच में शामिल किया। आरोपित को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

सोनीपत
कुंडली थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने व दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राशीद अली निवासी उत्तर प्रदेश हाल में गांव बारोटा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 4 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी गत 3 दिसंबर को उसकी बेटी घर से सब्जी लेने के लिए गई हुई थी। सुबह तक उसका इंतजार करते रहे, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# पट्टीकल्याणा में सरपंच मुकेश पहलवान ने ग्रामीणों संग चलाया सफाई अभियान

**समालखा,31 दिसंबर ( कुलदीप सिंह )**
**हल्के** के गांव पट्टीकल्याणा में सरपंच मुकेश पहलवान के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। खुद सरपंच मुकेश ग्रामीणों के साथ मिलकर गलियों से कुड़ा कचरा उठाते नजर आयें। सरपंच मुकेश पहलवान ने बताया कि वह पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन से प्रभावित है इसलिए गांव को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए पिछले दो महीने से स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है जिसके अंतर्गत सप्ताह में एक दिन यानी रविवार



को ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव की गलियों व नालियों की सफाई कराई जाती है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान में ग्राम पंचायत व ग्राम सुधार समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान मिल रहा है। इस रविवार को भी सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक गांव में पंचायत घर, सोसायटी कार्यालय, कुस्ती हाल व हाई स्कूल के सामने की गलियों में सफाई कराई गई।इस मौके पर सरपंच मुकेश पहलवान ने ग्रामीणों से स्वच्छता के फायदे बताते हुए घरों का कुड़ा कचरा बाहर गलियों में खुले में ना फैंकने की अपील की। गांव में स्वच्छता अभियान चलाने पर ग्रामीणों मंगल सेन रोहिल्ला, मांगे राम छौक्कर, कृष्ण छौक्कर,बिक्रम छौक्कर,सुन्दर छौक्कर,व सुरेश रोहिल्ला आदि ने सरपंच मुकेश पहलवान की सराहना की।

# रेत स्टॉक की दुकान से रुपये व मोबाइल फोन चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर** थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर में रेत स्टॉक की दुकान से हजारों रुपये की राशि, मोबाइल फोन व सीसीटीवी की डीवीआर बॉक्स चोरी करके ले गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। शहजादपुर निवासी साहिल शर्मा ने बताया कि उसने गांव के अड्डे पर रेती का स्टॉक कर रखा है। गत 28 दिसंबर को रात आठ बजे अपनी दुकान पर ताला लगाकर चला गया। सुबह अगले दिन दुकान पर पहुंचा। उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर से एक मोबाइल फोन व पांच हजार रुपये की राशि व डीवीआर बॉक्स गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई सिलेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# 'अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में उत्साह'

**प्राण प्रतिष्ठा**

**8 सरपंच योगेश जठेड़ी ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश के लोगों में पूरा उत्साह है**

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
अग्रसेन धाम में राम मंदिर रामलला प्रतिष्ठान कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबोधित करते हुए राई से भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लिए तैयारियां जोरो पर है। इस दिन सभी हिंदू समाज के लोगों से उपवास करने, भंडारा कर घर के द्वार पर दीपक जलाएंगे। भाजपा युवा नेता एवं जठेड़ी गांव के सरपंच योगेश जठेड़ी ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश के लोगों में पूरा उत्साह है।

# मोबाइल टावर से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र के गांव बढ़मलिक में लगे टावर से सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के कारिंदे ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव भठगांव निवासी अरविन ने बताया कि वह रिलाइंस कंपनी में काम करता है। उनकी कंपनी का टावर जठेड़ी रोड बढमलिक में लगा हुआ है। टावर से किसी ने आरआरएच सामान गायब मिला। किसी ने सामान को चोरी कर लिया।

# जैनपुर में जय श्रीराम के जयकारों के बीच अक्षित कलश यात्रा निकाली

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**हमारे** पूर्वजों ने रामन्दिर को टुटते हुए देखा, लड़े मरे कटे, इस धर्म की रक्षा में हमारा सौभाग्य है हम इस मंदिर को बनते हुए देख रहे है। उक्त बाते राई हल्के के जैनपुर गांव में अक्षित कलश यात्रा के दौरान सनातन धर्म के प्रचारक सुमित त्यागी ने कही। भगवान श्रीराम की भव्य छवि वाली पालकी... ढोल की आवाज... शंखनाद... और जय श्रीराम के नारे... ऐसे हर्षोल्लास और राममय माहौल में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

भाजपा नेता व निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के गर्भगृह में जहां राम लला की मूर्ति है, वहां पूजा की हुई अक्षताओं की भव्य मंगल कलश यात्रा गांव में निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में महिलाएं



सिर पर अक्षत कलश लेकर शामिल हुईं।

पुनीत राई ने कहा कि भगवान राम सबके आदर्श हैं।

वे राष्ट्र निर्माता और राष्ट्र जागरण के सतत प्रेरणा स्रोत हैं। जब तक हम भगवान श्रीराम का आदर्श अपने सामने रखेंगे तब तक कोई भी हमारे देश, धर्म और संस्कृति को परेशान नहीं कर पाएगा। इसलिए अयोध्या में बनने वाला मंदिर सिर्फ राम मंदिर नहीं, बल्कि राष्ट्र मंदिर है। कलश यात्रा में हैपी त्यागी, जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत, जैनपुर के सरपंच परविंदर,

**राम सबके आदर्श**

**8 पुनीत राई ने कहा कि भगवान राम सबके आदर्श हैं। वे राष्ट्र निर्माता और राष्ट्र जागरण के सतत प्रेरणा स्रोत हैं**

विनोद चेयरमैन,हिमांशु,जोनी, कपिल, कुलदीप,विकाश, सोनु, सागर, सीटू विवेक,सेंकी, सुनिराज त्यागी, साहिल, पवन चेयरमैन, ताजपुर के सरपंच सुरेन्द्र शर्मा, मिमारपु के सरपंच शादिन , टिकोले से सुभाष , मलिकपुर से राजेश,अनीश मास्टर, मुकेश ताजपुर, राजेंद्र त्यागी,धतुरी सरपंच आशु त्यागी ,कामी सरपंच बलराज व गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# आजाद नेहरा ने ग्रामीणों के साथ पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने गांव भूर्री में बूथ संख्या 194 पर मण्डल महासचिव श्रवण कौशिक के निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम का 108वां संस्करण ग्रामीणों के साथ सुना। इस अवसर पर नेहरा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक नई दिशा दी है। विशेष तौर से युवा वर्ग को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित किया हे इस अवसर पर मण्डल महासचिव श्रवण कौशिक, शिव कुमार, प.जयनारायण ,सुभाष चन्द्र शर्मा ,जयपाल शर्मा , हरीश कुमार, विनोद शर्मा, नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

**~~निशाना बनाया~~**

**~~8 भाजपा युवा नेता एवं जठेड़ी गांव के सरपंच योगेश जठेड़ी ने संबोधित किया~~**

# गांधी स्मारक निधि पट्टी कल्याण ने लगाया सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**
गांधी स्मारक निधि ,पंजाब हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश स्वाध्याय आश्रम पट्टी कल्याण द्वारा अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा समिति राजघाट नई दिल्ली के तत्वाधान में डिप्लोमा कोर्स के विद्यार्थियों हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर नरेश गुलाटी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उन्होंने बताया की प्रकृति के माध्यम से जो चिकित्सा की जाती है वह हमारे लिए बहुत अधिक लाभदायक है हमें योग और प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाना चाहिए



जिससे हमारे शरीर का संतुलन बना रहे ।आज हम ज्यादातर रासायनिक चीजों का इस्तेमाल करते हैं इसलिए हमारे शरीर की शक्ति समाप्त होती जा रही है अगर हमें अपने शरीर की शक्ति को बनाए रखना है संतुलन करना है तो हमें प्राकृतिक चीजों की तरफ बढ़ना चाहिए और योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए संस्था के सचिव आनंद कुमार शरण ने डॉक्टर नरेश गुलाटी का स्वागत करते हुए उनको शाल से सम्मानित किया अलग-अलग जिलों से आए प्रशिक्षक विद्यार्थियों ने अपने-अपने अनुभव को साझा किया मंच संचालन डॉक्टर आकाश बिसो ने मुख्य प्राकृतिक चिकित्सक गांधी स्मारक निधि के द्वारा छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को इस प्रकार की ट्रेनिंग दी जाएगी कि जिससे उनको ऐसा अनुभव हो की प्रकृति चिकित्सा का हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण योगदान है इस अवसर पर न्यासी मंडल की सदस्य हेमलता रावत, कविता, सुनीता, लक्ष्मी ,गोविंद, प्रकाश, राघव, संतोषी, ममता एवं संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे

# नाबालिग आठ वर्षीय बच्ची से छेड़खानी करने की वारदात में संलिप्त अध्यापक गिरफ्तार

**सोनीपत:** राई थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने की वारदात में शामिल आरोपित योगा अध्यापक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित छिंमोय महत्तो निवासी हुगली पश्चिमी बंगा हालत में कैदारपुर दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 29 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी उम्र आठ साल गांव सेवली स्थित स्कूल में पढ़ती है। गत 28 दिसंबर को स्कूल में तैनात योगा अध्यापक उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसे गलत तरीके से छुआ। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# घर के बाहर खड़ा कैंटर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सेक्टर-27 शहर सोनीपत थाना क्षेत्र के ककरोई रोड पर घर के बाहर खड़ा कैंटर चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव विकास नगर निवासी कृष्ण ने बताया कि उसके पास कैंटर है। उसने दस दिन पहले कैंटर को अपने मकान के बाहर खड़ा किया था। गत 29 दिसंबर को अपने काम से मेरठ जा रहा था। वह मकान के बाहर पहुंचा। जहां उसका कैंटर नहीं मिला। उसने अपने स्तर पर कैंटर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में समस्याओं का मौके पर ही हो रहा निदान: नरेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देशभर में एक साथ किया जा रहा है। भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्राएं बड़ी कारगर साबित होंगी। विधायक नरेन्द्र गुप्ता आज रविवार को सेक्टर-16 के सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ का स्वागत किया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद का



उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को लाभार्थियों के लिए सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को शत प्रतिशत मिलना चाहिए और कोई इससे छूटना नहीं चाहिए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा के प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया था कि जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करे तब देश एक विकसित राष्ट्र होना चाहिए, श्रेष्ठ राष्ट्र होना चाहिए। कश्मीर में धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कराना और तीन तलाक पर कानून बनवाना यह बहुत ही बड़े कार्य हैं हमारी सरकार ने एक विचारधारा के रूप में कार्य किए हैं। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने ह्यअंत्योदयह्ण जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण एवं उत्थान किया है जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए व कटे हुए हैं। सरकार योजनाओं के सरलीकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

हमारा संकल्प-विकसित भारतह्ण की दिलाई गई शपथ :-
विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई। हीं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टी द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी गीतों के जरिये बेहतर प्रस्तुति दी।

स्टॉलो का किया अवलोकन :
विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया और स्वयं वहां बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ण कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

# उदघाटन उड़ान से अयोध्या पहुंचे विहिप और पंजाब अगवाल समाज के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

उदघाटन उड़ान से अयोध्या पहुंचे विश्व हिन्दु परिषद और पंजाब अगवाल समाज फरीदाबाद के पदाधिकारियों का महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। इंडिगो की पहली उदघाटन उड़ान से फरीदाबाद से अयोध्या नगरी जाने वालों में विश्व हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व पंजाब अग्रवाल समाज के संरक्षक रमेश गुप्ता,विश्व हिन्दु परिषद के विभाग प्रमुख व संरक्षक पंजाब अग्रवाल समाज प्रेम गोयल,पंजाब अग्रवाल समाज के प्रधान रान्ती देव गुप्ता,उपप्रधान अवतार मित्तल,विशिष्ट सलाहकार सतीश गर्ग व नरेश हांडा का परिवार शामिल था। पंजाब अग्रवाल



समाज फरीदबाद के प्रधान रान्ती देव गुप्ता ने बताया कि देश ही नहीं पूरा विश्व इस समय भगवान श्रीराम के इस मंदिर को देखने के लिए आतुर है जिसका उदघाटन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को करेगें। उन्होनें बताया कि हमारा सौभागय है कि हम इंडिगों की पहली उड़ान से आयोध्या नगरी में बने भव्य महार्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरने के साक्षी बने जिसका उदघाटन प्रधानमंत्री जी ने 30 दिसंबर को किया।

उन्होनें बताया कि हमारी पूरी टीम परिवार सहित 30 दिसंबर को जय श्रीराम के नारे लगाते हुए दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुए थे। हमने फलाईट में पायलट से लेकर एयरहोस्टेस और उसमें सवार सभी यात्रियों को जय श्रीराम का पटका पहनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीमद. भागवत कथा में महारास,उद्वव चरित्र और रूकमणी विवाह की सुन्दर प्रस्तुति

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

श्रीराम मंदिर तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित श्रीमद. भागवत कथा प्रसंग के छठवें दिन कथा व्यास परम श्रद्वेय श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने रास कथा का प्रसंग वर्णित करते हुए कहा कि आत्मा और परमात्मा का मिलन ही रास है जिसमें जीव रूपी गोपियां का ईश्वर रूपी कृष्ण से मिलन हुआ। उन्होनें कहा कि परमात्मा से मिलन आसान नहीं है जो गोपियां रास में आई थी उनके पूर्व भजन का प्रताप था जो श्री कृष्ण ईश्वर से मिलन की बेला रास के द्वारा प्रकट हुई। श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने कथा प्रसंग के आगे रूक्मणी कृष्ण विवाह विधिवत झाकियों के साथ सभी भक्तजनों ने आनन्दित होते हुए मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथिगण विधायक नरेंद्र गुप्ता,निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा, पवन डाबर प्रधान सखी सरोवर बिरादरी, अशोक धींगरा,अरुण गोयल गोपाल गार्डन,बोधराज मक्कार,शोभित अरोड़ा,कुलदीप चोपड़ा,गौरव सिंगला,मुकेश अग्रवाल,मनोज मंगल,अरुण गोयल,साहिल कपूर,राहुल रात्र,संजय टुटेजा,बलदेव राज को आयोजकों ने शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बृज के कलाकारों ने मयूर नृत्य व रासलीला पेश कर कथा स्थल पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा स्थल पर लोगों ने भगवान श्री कृष्ण और गोपियों की झांकी पर पुष्प वर्षा कर पूरे वातावरण को फूलों की सुंगध से महका दिया। इस मौके पर प्रधान परविन्द्र मल्होत्रा(शंटी) ने ब्राहणों को कम्बल विरतिर कर उनसें आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अजय गर्ग,बिन्दू ठेकेदार,अमित कपूर,सुमित कपूर गुजंन शर्मा,गीता शर्मा,गुजंन कुमारी,इन्दू आहूजा,सुनीता शर्मा,मीनू आहूजा,लोकेश शर्मा,निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा,परविन्द्र मल्होत्रा,रेनू मल्होत्रा,रेखा सिंगला,कोमल सरदाना,संगीता शर्मा,शालू चोपड़ा,शालू वधवा,सावित्री ठाकुर,रीति,साक्षी,रूचिका संगीता सचदेवा,रूपाली,सोनिया आहूजा,राधा,निशा,सुधा, पुष्पा शर्मा,गीता शर्मा आदि भक्त उपस्थित थे।

### जैन किरयाना स्टोर में फायरिंग व स्नैचिंग की वारदात में शामिल आरोपी विरेंद्र उर्फ भोपा को क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

4 बता दे की सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़ में 9 जुलाई को जैन किरयाना स्टोर पर की गई फायरिंग और स्नैचिंग की गई थी। वारदात मे शामिल आरोपियों की धरपकड़ के संबंध में डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल अन्य दो आरोपी अरुण और अंकित को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विरेन्द्र उर्फ भोपा उर्फ जाहिद खान गांव ठसका अग्रोहा हिसार का रहने वाला है। किसी अन्य केस में हिसार जेल में बंद था । क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को प्रोडक्शन वारन्ट पर लेकर प्रारंभिक पूछताछ की गई। पूछताछ मे आरोपी की सम्लिप्तां पाई गई। आरोपी को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में बताया कि उसने अन्य साथी अरुण उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के टप्पल का रहने वाला व अंकित उर्फ डीसी के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देने की योजना थी। आरोपी अंकित खरकड़ी गांव का रहने वाला है । आरोपियो के पास उस समय तीन देशी पिस्तौल थी। आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए बस द्वारा गुरुग्राम से बल्लभगढ़ आए। आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम देने से पहले भीकम कॉलोनी बल्लबगढ़ से 9 जुलाई की शाम को मोटरसाइकिल छिन्ने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसका मामला थाना शहर बल्लबगढ़ में दर्ज किया गया। छिनी हुई मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीनो आरोपियो ने नकाबपोश का रुप बनाकर हथियार के बल पर जैन किरयाना स्टोर में घुसकर डरा-धमकाकर लूट की कोशिश की तथा शिकायतकर्ता द्वारा शोर मचाने पर आरोपी दूकान से निकलकर भागने लगे तो बाहर गली में अन्य दुकानदार शमशुद्दीन ने एक आरोपी को पकड़कर रोकने की कोशिश की तो उसने शमशुद्दीन के ऊपर सीधा फायर कर दिया। जिसमे गोली शमशुद्दीन के कंधे से छूकर निकल गई। पुलिस द्वारा मौका पर एक खाली खोल तथा देशी पिस्तोल की स्लाइड और आयरन रोड स्प्रिंग बरामद की गई थी। इस वारदात के संबंध में दुकानदार अशोक की पत्नी की शिकायत पर थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़ में मामला दर्ज किया गया था।

## 578 ग्राम चरस सहित 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान की टीम ने नशा तस्करी के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपियों में गोविंद और रोहित उर्फ गगन का नाम शामिल है।

दोनों आरोपी श्रमिक विहार गांव एत्मादपुर सेक्टर 30 के रहने वाले हैं।

# किसान कालदर्शक कैलेंडर के बारे में जागरूक कर विधायक ने वितरण किया

**शिरकत**

**8 -विधायक सुरेन्द्र पंवार व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने शिरकत की**

**टीम एक्शन इंडियां/राई**

अकबरपुर बारोटा गांव में नव वर्ष के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर व किसान कालदर्शक कैलेंडर का वितरण किया गया। शिविर में युवाओं में उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में कांग्रेस विधायक सुरेन्द्र पंवार ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने शिरकत की। इस मौके पर किसान



नेताओं के कलेंडर का विमोचन किया गया। जिसमें किसान नेताओं के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में अवगत करवाया गया है। कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने आयोजक दीपक दहिया द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। आंतिल ने कहा शिविर में पहुंचने पर आयोजक दीपक दहिया ने अतिथियों का बूके देकर स्वागत किया। इस मौके पर रवि पंच, बिजेन्द्र चौहान संजय सरपंच, रोकेश दहिया जिला पार्षद, विक्रांत चौहान पार्षद, राजबीर मलिक एसीपी दिल्ली पुलिस आदि मौजूद थे। कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने किसान कालदर्शक कैलेंडर को लोगों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि ये कैलेंडर लोगों के घरों में लटका रहने वाला सूचनाओं का कैलेंडर नहीं होगा बल्कि घर का एक अहम सदस्य होगा जिसमें किसान कौम का इतिहास व सार मौजूद हैं। किसान कालदर्शक कैलेंडर के बारे में आंतिल ने कहा कि किसान कालदर्शक टीम ने किसान कौम की जरूरतों व इतिहास को ध्यान में रखते हुए उपयोगी कैलेंडर का विमोचन किया। वर्ष दर वर्ष किसान कालदर्शक प्रगति करें और सकारात्मक ऊर्जा के साथ किसान कौम को जगाने में अहम भूमिका अदा करें। किसान कालदर्शक कैलेंडर में किसान कौम के अपने पुरखों व महापुरुषों की जयंती, पुण्यतिथि व जीवनी दशार्यी गई है जो हमारे जीवन में बहुत ही कारगर साबित होगी। कांग्रेस नेता संजय आंतिल नकिसान कालदर्शक कैलेंडर में हर महीने के पेज पर किसान कौम के एक महापुरुष की जीवनी छापी गई है जिससे किसान कौम के इतिहास को हर कोई पढ़ सकेगा। ि कसान कालदर्शक कैलेंडर में किसान कौम के महापुरुषों के जीवन परिचय व इतिहास से आमजन को अवगत कराने के लिए विगत 8 वर्षों से किसान कालदर्शक कैलेंडर प्रकाशित कर रहा हूँ।

# प्लॉट बेचने के नाम पर 6.90 लाख रुपए की धोखाधडी करने वाली महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सिकरोनी प्रभारी प्रदीप कुमार की टीम ने प्लॉट बेचने के नाम पर ठगी करने वाली महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी गीता राजीव कॉलोनी में रहती है। आरोपी महिला का प्रोप्रटी डीलर का काम है। महिला ने वर्ष 2021 में 50 गज का प्लॉट बालाजी



कॉलोनी में राजकुमारी को 6.90 लाख रुपए में बेचा था। जिस प्लॉट को महिला आरोपी ने किसी दुसरे को भी बेच दिया था। राजकुमारी की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा सितम्बर 2023 में दर्ज किया गया था। आरोपी महिला को पुलिस टीम ने महिला के घर से गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया की महिला ने प्लॉट बेचने का पैसा अपने बेटे के एक्सीडंट मे लगा दिया था। आरोपी महिला को पैसे की रिकवरी के लिए 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## पलवल: गन पॉइंट पर सगी बहनों से गैंगरेप, अश्लील फोटो-वीडियो बनाई

**टीम एक्शन इंडियां/पलवल**

पलवल में गन पॉइंट पर दो सगी बहनों से गैंगरेप का मामला सामने आया। आरोपियों ने दोनों बहनों की गैंगरेप करते हुए वीडियो भी बना ली। जिसके आधार पर ब्लैकमेल कर जान से मारने की धमकी दी। रविवार को उटावड़ थाना पुलिस ने बड़ी बहन की शिकायत पर 5 नामजद के खिलाफ गैंगरेप सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

मिली जानकारी अनुसार उपमंडल हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दी शिकायत में कहा है कि वह जंगल में मकान बनाकर रहते हैं। आरोपी शेर खां उनके घर से दूध लेता था।

# मोदी सरकार विकास और विरासत को साथ लेकर चलती है: विपुल गोयल पूर्व मंत्री



**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में नाहर सिंह स्मारक समिति द्वारा बल्लभगढ़ रियासत के वीर योद्धा राजा नाहर सिंह की अष्ठधातु प्रतिमा का अनावरण किया गया जिसमें अनेक राजनैतिक हस्तीयों ने शिरकत की। इससे पहले इसी माह में भारतीय जाट समाज द्वारा बल्लभगढ़ के ही राजा नाहर सिंह महल में भी एक प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर पहुँचे पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने मंच पर पहुंचकर सबसे पहले राजा नाहर सिंह की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वललन किया और सभी जाट समाज खाप का धन्यवाद करते हुए समिति कों सफल कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी। पूर्व मंत्री ने इस अवसर पर कहा की महापुरुषों की विरासत को संभालना बहुत ही जरूरी है ताकि आने वाली पीढ़ियों कों उनके त्याग और समर्पण की याद दिलाई जा सके। इस मौके पर पहुँचे पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने राजा नाहर सिंह की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का स्वागत भी किया और इससे पहले पूर्व मंत्री विपुल गोयल का समिति के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर और पगड़ी बाँधकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा की मोदी सरकार विकास और विरासत को साथ लेकर चलती है फिर वो बेशक हमारी हिन्दू संस्कृति की धरोहर हों या हमारे आस्था के केंद्र हों इन सभी कों मोदी सरकार ने जीर्णोद्धार करने का काम किया है। पूर्व मंत्री ने इस अवसर पर मूर्ति स्थापना में जिन्होंने भी सहयोग किया उन सभी का धन्यवाद भी किया।

पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने मंच से कहा की 1857 की क्रांति में जिस तरह राजा नाहर सिंह ने अंग्रेजों को दिल्ली में घुसने तक नहीं दिया था ठीक उसी प्रकार आज भी जाट रेजिमेंट जब 23 बटालियनों के साथ निकलती हैं तब दुश्मन भी थर थर काम्पते हैं और आज दुश्मन माँ भारती की तरफ आँख उठाकर भी नहीं देख सकता।

# कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

चढ़दी कला सेवा समिति, पंजाबी समाज सभा एवं नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में आज कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी परविंदर राजपाल के कार्यालय एन.एच.पांच पी ब्लॉक में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख समाजसेवी एवं कजरिया टाइल्स के मैनेजर अरुण मिश्रा, शिवमती धर्मार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक एवं मॉडल डॉ.विध्या गुप्ता, नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर 101 जरूरतमंद लोगों को कम्बल ठण्ड से बचने के लिए वितरित किए।



आए हुए सभी अतिथियों ने समाजसेवी परविंदर राजपाल ने बुक्के देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए परविंदर राजपाल ने कहा कि ठण्ड के मौसम में जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े, कम्बल, रजाईयां आदि वितरित करनी चाहिए। ताकि वह ठण्ड से बचाव कर सकें। इस मौके पर जगदीश लाल, सरदार त्रिलोक सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, संजीत दत्ता, सरदार टीटू बांगा, बंटू वीर, सरदार हरजिंदर सिंह, सरदार रणजीत सिंह, टी एन कपूर, हनी आहूजा, संजय भाटिया 1डी, एडवोकेट प्रवेश मखीजा, प्रशांत बत्रा, जगमोहन कक्कड़, जगदीश भाटिया, जितेंद्र भाटिया, सतीश कुमार, सुभाष गांधी, पवन खन्ना, नीरज जग्गी, चंद्र प्रताप चौहान, राकेश बेनीवाल, अश्विनी जोय अरोड़ा, सरदार इंद्रजीत सिंह, गुलशन राजपाल, जतिन राजपाल, अंकुश राजपाल, सरदार राजेंद्र सिंह आहूजा, अशोक कुमार सढ़ाना आदि उपस्थित रहे।

# मिट्टी से भरे तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने श्रमिक को कुचला, मौके पर तोड़ा दम

**टीम एक्शन इंडियां/गन्नौर**

शहर के बीएसटी चौक पर एक मिट्टी से भरे तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने फैक्ट्री से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे श्रमिक को कुचल दिया। इस हादसे में श्रमिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक 48 वर्षीय कुलबीर गुमड़ गांव का रहने वाला था। टक्कर मारने के बाद हाइवा ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कुलबीर के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। वहीं इस मामले में किसान यूनियन ने जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। किसान नेताओं का कहना है कि नियमों को ताक



रख कर शहर में खनन हो रहा है और बड़ी संख्या में ट्रक बेलगाम सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते यह हादसा हुआ है।

- बड़ी फैक्ट्री में कार्यरत था मृतक

गुमड़ गांव का कुलबीर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 531 नंबर फैक्ट्री में बतौर हैल्पर कार्यरत था। शनिवार की रात वह ड्यूटी के बाद अपनी मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह बीएसटी चौक पर पहुंचा तो एक हाइवा ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वजह सड़क पर गिर गया इसके बाद ट्रक ने उसे बुरी तरह से कुचल दिया,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक कुलबीर के भाई संदीप ने हाइवा ट्रक चालक के खिलाफ गन्नौर थाना में शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

- शिकायतों के बावजूद नहीं लिया संज्ञान

भारतीय किसान यूनियन चढूनी के युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल ने कहा कि वह कई बार वह अवैध खनन को लेकर एसडीएम, एसीपी, खनन विभाग व ट्रांसपोर्ट विभाग में शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन अवैध खनन करने के बाद मिट्टी से भरे हाइवा ट्रक गन्नौर क्षेत्र में बिना रोक टोक गुजर रहे हैं। उन्होंने चेताया कि यदि इस तरह के अवैध खनन करने वालों के खिलाफ को जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो किसान यूनियन धरना शुरू कर देंगे।

- ट्रक को लिया कब्जे में

गन्नौर थाना से जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुल्तान सिंह ने बताया कि पुलिस ने कुलबीर के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव स्वजन को सौंप दिया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हाइवा ट्रक को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस जल्द ही ट्रक चालक का पता लगा कर उसे गिरफ्तार कर लेगी।

# स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले अग्रिम स्वतंत्रता सेनानी थे राजा नाहर सिंह: धनखड़

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ महान स्वतंत्रता सेनानी राजा नाहर सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह में भागीदार बने। उन्होंने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि राजा नाहर सिंह ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपनी बहादुरी और युद्ध कौशल से अंग्रेजी सेना को हराया। ऐसे महान शूरवीर की प्रतिमा बल्लबगढ़ के दशहरा मैदान में स्थापित होने से आने वाली पीढि?ों में देश भक्ति का जज्बा और जुनून पैदा करती रहेगी। धनखड़ ने 52 पाल की सरदारी का अभिनंदन करते हुए कहा कि राजा नाहर सिंह जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा अनावरण में भागीदार बनना ही अपने आप में गौरव व गर्व की अनुभूति होती है। 52 पाल की सरदारी ने देश के महान सपूत की प्रतिमा स्थापित कर प्रशंसनीय कार्य किया है।धनखड़ ने महान स्वतंत्रता सेनानी राजा नाहर सिंह को नमन और 52 पाल की सरदारी का अभिनंदन करते कहा कि मात्र 18 वर्ष की आयु में 1939 में राजा नाहर सिंह ने राजा का दायित्व संभाला, जब दुनिया की शक्तिशाली अंग्रेज सेना दिल्ली की तरफ बढ़ रही थी। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम उनकी बहादुरी को देखते हुए दक्षिण हरियाणा की ओर दिल्ली की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने अंग्रेजी सेना को बुरी तरह से हरा दिया। अंग्रेज उनके पराक्रम से परास्त हुए और षड?ंत्र के तहत दिल्ली बुलाया और महान योद्धा जब नहीं झुके तो उनको धोखे से फांसी दे दी गई। ऐसे महान योद्धा इतिहास में कम ही मिलते है जिन्होंने राजकाज की चिंता न करते हुए मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दिया।धनखड़ ने कहा कि मात्र 36 वर्ष की आयु में महान स्वतंत्रता सेनानी राजा नाहर सिंह के युद्ध कौशल, बहादुरी, न्यायप्रिय व्यवस्था की चर्चा दुनिया भर होने लगी थी।

# सभी देशवासियों को नववर्ष-2024 की हार्दिक शुभकामनाएं



































